रविवार, 9 नवम्बर 2025

मौसम
तापमान 25 – 34
आर्द्रता 62%
सूर्योदय: 5:45 सूर्यास्त: 16:55

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा



भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला जीती पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर
कोलकाता, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये
सुविचार : जीवन शानदार होता अगर वह लोगों के लिए नहीं होता।

# पश्चिम बंगाल पुलिस में डीएसपी बनीं ऋचा घोष

## राज्य सरकार ने बंग भूषण सम्मान भी दिया

**बंगाल क्रिकेट संघ ने सोने का बल्ला-गेंद व 34 लाख का चेक सौंपकर किया सम्मानित**

**कोलकाता :** हाल में विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य ऋचा घोष को पश्चिम बंगाल पुलिस का डीएसपी बनाया गया है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) की ओर से शनिवार शाम ईडन गार्डेंस स्टेडियम में ऋचा के सम्मान में आयोजित समारोह में उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने साथ ही ऋचा को पश्चिम बंगाल सरकार के 'बंग भूषणळ सम्मान से भी सम्मानित किया। वहीं, कैब की ओर से क्रिकेटर ऋचा घोष को सोने का बल्ला-गेंद व 34 लाख रुपये का चेक सौंपा गया। कैब अध्यक्ष व भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि ऋचा ने विश्वकप के फाइनल में 34 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली थी, इस कारण उन्हें 34 लाख का चेक दिया गया है। सौरव ने कहा कि ऋचा छह नंबर पर बल्लेबाजी करने आकर



जो काम करती है, वह काफी कठिन है क्योंकि गेंदें कम होती हैं और रन अधिक बनाने होते हैं। वहीं ऋचा ने कहा कि उन्हें कठिन परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने में मजा आता है।

## मानव तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कोलकाता में एक करोड़ से अधिक नकद और लग्जरी गाड़ियां जब्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक संगठित मानव तस्करी गिरोह के खिलाफ जारी जांच के तहत कोलकाता के कई रेस्तरां और बार पर छापेमारी की और इस दौरान एक करोड़ रुपये से अधिक नकदी और दो लग्जरी कार जब्त की। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, केंद्रीय एजेंसी ने नकदी के अलावा कई डिजिटल उपकरण और संपत्ति से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए हैं, जिनके तार कथित तस्करी गिरोह के वित्तीय लेनदेन से जुड़े होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि जांचकर्ताओं ने कई ऐसे बैंक खातों की भी पहचान की है, जिनके अवैध धन अंतरण में मदद करने का संदेह है। यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है। अधिकारी के अनुसार, कोलकाता और पश्चिम बंगाल के अन्य हिस्सों में कई प्रतिष्ठानों पर एक साथ छापे मारे गए, क्योंकि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इनमें से कुछ जगहों का इस्तेमाल तस्करी गिरोह से जुड़ी गतिविधियों के संचालन के लिए किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि यह मामला कई साल पहले कोलकाता के बाहरी इलाके बागुईआटी में मानव तस्करी की घटना के सिलसिले में दर्ज की गई प्राथमिकी से उपजा है।

## संसद का शीतकालीन सत्र 1 से 19 दिसंबर तक

### विपक्ष ने कम बैठकों के लिए सरकार की आलोचना की

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को घोषणा की कि संसद का शीतकालीन सत्र एक से 19 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। विपक्ष ने इसे बहुत देर से बुलाया गया और संक्षिप्त सत्र बताया। तीन सप्ताह के इस सत्र में कुल 15 बैठकें होंगी और इसके हंगामेदार रहने की उम्मीद है, क्योंकि यह सत्र निर्वाचन आयोग द्वारा 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को अंजाम दिए जाने के बीच हो रहा है। कई विपक्षी दलों ने एसआईआर को लेकर आपत्तियां जताई हैं। संसद के मानसून सत्र में भी बिहार में एसआईआर को लेकर कई विपक्षी दलों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, जिसके कारण संसद में प्रतिदिन व्यवधान उत्पन्न हुआ। रीजीजू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी ने संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर 2025 से 19 दिसंबर, 2025 तक (संसदीय कार्य की अनिवार्यताओं के अधीन) आयोजित करने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

## सभी के लिए न्याय सुलभ करना आवश्यक, कानून की भाषा स्थानीय और सरल होनी चाहिए: प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कानून की भाषा को सरल बनाने की शनिवार को वकालत की ताकि स्थानीय लोग इसे आसानी से समझ सकें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक के लिए न्याय सुलभ किया जाना चाहिए, चाहे उनकी सामाजिक या वित्तीय पृष्ठभूमि कुछ भी हो। उच्चतम न्यायालय परिसर में, विधिक सहायता तंत्र को सशक्त बनाने पर राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि न्याय सुलभ करना सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने की एक पूर्व शर्त है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि न्याय सभी को उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की कानूनी सहायता रक्षा प्रणाली गरीबों और वंचितों को न्याय सुलभ कराने में मदद कर रही है। इस कार्यक्रम में, प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई, उनके उत्तराधिकारी न्यायमूर्ति सूर्यकांत तथा उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के अन्य न्यायाधीश भी मौजूद थे। इस मौके पर मोदी ने कहा कि सामाजिक न्याय तभी संभव है जब न्याय की पहुंच प्रत्येक नागरिक तक हो, चाहे उसकी सामाजिक या वित्तीय पृष्ठभूमि कुछ भी हो। उन्होंने कहा कि सरकार ने न्याय की सुगमता में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं और वह इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए काम करना जारी रखेगी। मोदी ने अदालती फैसलों और कानूनी दस्तावेजों को स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध कराने का आह्वान किया और इस संबंध में महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए उच्चतम न्यायालय की सराहना की। उन्होंने कहा, ''यह वास्तव में सराहनीय बात है कि उच्चतम न्यायालय ने 80,000 से अधिक निर्णयों का 18 भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने की पहल की है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह प्रयास उच्च न्यायालय और जिला स्तर पर भी जारी रहेगा।'' उन्होंने कहा, ''न्याय की भाषा ऐसी होनी चाहिए जो न्याय पाने वाले व्यक्ति को समझ में आए।'' मोदी ने कहा कि जब लोग कानून को अपनी भाषा में समझते हैं तो इससे बेहतर अनुपालन होता है और मुकदमे कम होते हैं। उन्होंने कहा, ''जब न्याय सभी के लिए सुलभ हो, समय पर हो और सामाजिक या वित्तीय पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना प्रत्येक व्यक्ति तक इसकी पहुंच हो, तभी यह सामाजिक न्याय की नींव बनता है।'' उन्होंने कहा कि न्याय सभी तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करने में कानूनी सहायता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।







## ईडी ने पीएफआई के खिलाफ धनशोधन मामले में 67 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की


**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत 67 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने के लिए एक नया आदेश जारी किया है। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि ये संपत्तियां पीएफआई के 'लाभकारी स्वामित्व और नियंत्रण' में थीं और इसके राजनीतिक मोर्चे - सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के अलावा, विभिन्न ट्रस्टों के नाम पर थीं। केंद्र ने सितंबर 2022 में ईडी, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और विभिन्न राज्य पुलिस बलों द्वारा समन्वित छापेमारी के बाद पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया था और इसे एक गैरकानूनी संगठन बताया, जो आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त था। एसडीपीआई की स्थापना 2009 में हुई थी। यह निर्वाचन आयोग (ईसी) के साथ एक राजनीतिक दल के रूप में भी पंजीकृत है। ईडी ने कहा कि 67.03 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने के लिए 6 नवंबर को एक अनंतिम आदेश जारी किया गया था। कुर्की के नए मामले के साथ जब्त की गई कुल संपत्ति अब 129 करोड़ रुपये हो गई है। ये संपत्तियां विभिन्न संस्थाओं के नाम पर पंजीकृत हैं, जैसे ग्रीन वैली फाउंडेशन, अलप्पुझा सोशल कल्चरल एंड एजुकेशन ट्रस्ट, पथनमथिट्टा में पंडालम एजुकेशनल एंड कल्चरल ट्रस्ट, वायनाड में इस्लामिक सेंटर ट्रस्ट, मलप्पुरम में हरिथम फाउंडेशन (पूवनचिना), अलुवा में पेरियार वैली चैरिटेबल ट्रस्ट, पलक्कड़ में वल्लुवुनाड ट्रस्ट और तिरुवनंतपुरम में एसडीपीआई के कुछ भूखंड। ईडी ने कहा कि उसकी जांच में पाया गया है कि पीएफआई ने वल्लुवनड हाउस पट्टाम्बि और मालाबार हाउस (हरिथम फाउंडेशन) सहित कई ऐसी संपत्तियों पर शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए और शेड बनाए।




## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 9 नवम्बर, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष पंचमी, 25:58 तक, नक्षत्र : आद्रा, 20:07 तक, योग : सिद्ध, 15:00 तक, सूर्योदय: 05:45, सूर्यास्त: 16:55, चन्द्रोदय : 20:37, चन्द्रास्त: 09:48, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 15:28 से 16:51

## साप्ताहिक : राशिफल
## 09-11-25 से 15-11-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** आपके लिए यह सप्ताह मिलाजुला रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग खुश रहेंगे। उनकी शादी की बात आगे बढ़ने से रिश्तों में मजबूती आएगी। वहीं, वैवाहिक जीवन में इस सप्ताह थोड़ी उलझन कम होगी। अपने साथी को पूरा साथ देंगे। इस सप्ताह आपको धन को लेकर थोड़ी समस्याएं आएंगी। धन संबंधित कामों में कुछ देरी तो होगी, लेकिन वह पूरे हो जाएंगे। नए सप्ताह में आप निवेश के बारे में भी प्लानिंग करेंगे। विद्यार्थी इस सप्ताह अपने कंसंट्रेशन को मजबूत रखें ताकि लाभ हो।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** यह सप्ताह आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह अपने साथी का सहयोग मिलेगा, जिससे जीवन में नयापन आएगा। प्रेम जीवन में सुखद अनुभूति का अनुभव करेंगे। वहीं, वैवाहिक जीवन में इस सप्ताह कुछ समस्याएं आ सकती हैं क्योंकि आपको अपने जीवनसाथी के स्वभाव में कुछ बदलाव देखने को मिलेगा। इस सप्ताह आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी, जिससे आप अपने शॉक पूरे करेंगे, लेकिन इस सप्ताह कोई भी निवेश करने से पहले अच्छे से सोच-विचार कर लें। किसी को धन उधार देने से बचें।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** यह सप्ताह आपके लिए कुछ कठिनाइयां भर रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में इस सप्ताह बेवजह के तनाव आएंगे। वैवाहिक जीवन में भी नए सप्ताह में मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। आपकी आर्थिक स्थिति इस सप्ताह ठीक-ठाक रहेगी क्योंकि आपकी इनकम बढ़ेगी। आपको धन को लेकर योजना बनाकर आगे बढ़ना होगा। कोई पैतृक संपत्ति भी मिल सकती है। बिजनेस में इस सप्ताह कुछ नए लोगों से संपर्क बनाने में कामयाब रहेंगे। आपको कुछ इन्वेस्टमेंट से अच्छा खासा लाभ होगा।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** यह सप्ताह आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को थोड़ा सतर्क रहना होगा, लेकिन गृहस्थ जीवन में परिवार और जीवनसाथी से तालमेल बनाकर चलने से अच्छा रहेगा। इस सप्ताह आपके खर्चे बढ़ेंगे। वैसे आपको धन भी भरपूर मात्रा में मिलेगा। कोई रुका हुआ काम भी इस सप्ताह पूरा हो सकता है। आप अपने भविष्य को लेकर कोई निवेश करने की सोचेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को इस सप्ताह कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप इस सप्ताह किसी के कहने पर विश्वास मत करें।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** यह सप्ताह आपके लिए सामान्य रहने वाला है। नए सप्ताह में कहासुनी होने के चलते रिश्तों में दरार पड़ सकती है। गृहस्थ जीवन में इस सप्ताह किसी लड़ाई-झगड़े से बचना होगा। धन को लेकर इस सप्ताह थोड़ा परेशान रहेंगे। आपको बिजनेस में भी अच्छा लाभ मिलेगा। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे उसमें आपको सफलता मिलेगी। बिजनेस कर रहे लोग इस सप्ताह अपने बिजनेस में नई जान डालेंगे। इसके लिए कुछ अनुभवी व्यक्तियों से बातचीत करेंगे।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** यह सप्ताह आपके लिए मिलाजुला रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने जीवनसाथी से सावधान रहना होगा क्योंकि आपका कोई राज खुल सकता है। शादीशुदा लोगों को अपने जीवनसाथी के व्यवहार में थोड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। इस सप्ताह आप इन्वेस्टमेंट करने के बारे में प्लानिंग करेंगे। आपकी इनकम बेहतर होगी, लेकिन खर्चे भी बढ़ेंगे। इस सप्ताह किसी नए बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं। नौकरीपेशा लोग इस सप्ताह अपने दिल की जगह दिमाग से काम लेंगे तो लाभ होगा।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** यह सप्ताह आपके लिए मिश्रित परिणाम लेकर आएगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह अपने साथी के गुस्सैल स्वभाव का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, गृहस्थ जीवन में इस सप्ताह कोई ऐसी बात ना करें, जिससे लड़ाई-झगड़ा बढ़े। इस सप्ताह आपकी धन को लेकर चली आ रही समस्या भी दूर होगी। सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। शेयर मार्केट में भी आप इन्वेस्टमेंट के बारे में सोच सकते हैं। बिजनेस में आपको अच्छी डील मिल सकती है। आपको मेहनत का पूरा फल मिलेगा।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह अपने प्रेमी से मन की बात कह सकते हैं। गृहस्थ जीवन में कुछ पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं। सावधान रहें। धन को लेकर इस सप्ताह किसी के बहकावे में ना आएं। निवेश करने से पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लें। इस सप्ताह आप अपने बिजनेस के सिलसले में यात्रा भी करनी पड़ सकती है। नौकरी में कार्यरत लोगों को मान-सम्मान मिलेगा। विद्यार्थी इस सप्ताह थोड़ा ध्यान देकर पढ़ाई करें।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** यह सप्ताह आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को लड़ाई-झगड़े से बचाव करना होगा। गृहस्थ जीवन के लोगों को इस सप्ताह भरपूर प्रेम मिलेगा। इस सप्ताह आपको धन को लेकर कुछ समस्याएं हो सकती हैं। अकाउंट का काम कर रहे लोग काम करते समय सावधानी बरतें। इस सप्ताह आप किसी से बात करते समय सावधानी से करें। बिजनेस कर रहे लोगों की कोशिश रंग लाएगी। आपकी नई योजनाएं अच्छा लाभ देंगी।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** यह सप्ताह आपके लिए खुशियां लेकर आने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को एक-दूसरे का साथ मिलेगा। वैवाहिक जीवन में इस सप्ताह खुशियां दोगुनी होंगी। किसी मेहमान का आगमन हो सकता है। धन को लेकर सप्ताह में थोड़ा सावधान रहें। अपने खर्चों पर लगाम लगानी होगी। अपनी इनकम पर थोड़ा ध्यान दें। बिजनेस को लेकर सप्ताह अधिक मेहनत करवाएगा। आपको कोई नया प्रोजेक्ट भी हाथ लग सकता है। आपके सीनियर आपको फुल सपोर्ट करेंगे। आपका प्रमोशन भी हो सकता है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** यह सप्ताह आपसे बहुत मेहनत कराएगा। प्रेमी लोगों को नए सप्ताह में अपने साथी से रिश्ते बेहतर करने होंगे। उनकी बातों को पूरा महत्व दें। वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा। आपका बिजनेस भी अच्छा चलेगा। इस सप्ताह आपकी आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी। इन्वेस्टमेंट करने से पहले परिवार के सदस्यों की एक बार राय अवश्य ले लें। शेयर मार्केट में निवेश करने वाले लोग भी सावधान रहें। आप इस सप्ताह किसी भी काम को लेकर जल्दबाजी ना दिखाएं। बिजनेस में भी सोच-समझकर धन लगाएं।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** यह सप्ताह आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह विवाह की खुशखबरी मिलने वाली है। वैवाहिक जीवन में इस सप्ताह भरपूर प्रेम रहेगा। कहीं घूमने-फिरने का भी प्लान बना सकते हैं। आपको आर्थिक स्थिति को लेकर कोई चिंता करने की बात नहीं है। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। आपका डूबा हुआ धन वापस मिल सकता है। आपको इन्वेस्टमेंट से संबंधित अच्छे प्लान भी मिल सकते हैं। बिजनेस में आपके परिजन पूरा साथ देंगे। नौकरी में भी मनपसंद काम मिलने से आपको खुशी होगी। आपके प्रमोशन की भी संभावना बन रही है।

# सट्टा बाजार बिहार में बनवा रहा है एनडीए सरकार !



**संजय सक्सेना**

बिहार विधान सभा चुनाव के पहले चरण के मतदान ने 121 सीटों पर रिकॉर्ड तोड़ 64।66 प्रतिशत वोटिंग के चलते चुनावी नतीजों का गणित लगाने वालों ने अपना सिर पीटना शुरू कर दिया है। बड़े से बड़े राजनीति के जानकार और पत्रकार भी अपनी रिपोर्ट बैलेंस करके लिख रहे हैं,लेकिन रिकार्ड तोड़ वोटिंग के चलते आने वाले परिणामों को लेकर सट्टा बाजार पूरी तरह से निश्चित है। सट्टा बाजार को यह रुझान महाराष्ट्र 2024 के एनडीए तूफान की याद दिला रहा है और सट्टा बाजार में हलचल मचा दी है। सट्टा बाज़ार के जानकार महागठबंधन की सरकार बनने की संभावनाओं को लगभग शून्य करार दे रहा हैं।पहले चरण के मतदान के बाद अनुमान है कि 243 सदस्यीय विधानसभा में एनडीए 145-150 से अधिक सीटें जीत सकता है,जो उसके 2010 के सर्वाधिक प्रदर्शन को भी पार कर सकता है और तेजस्वी यादव के गठबंधन को शर्मनाक हार की ओर धकेल सकता है।

इस बार की भागीदारी बिहार के चुनावी इतिहास में सबसे अधिक रही है। 2020 के कोरोना महामारी के समय 57।29 प्रतिशत की तुलना में इस बार पूरे 7।37 प्रतिशत अंक अधिक। इससे एनडीए खेमे में जोश भर गया है। बेगूसराय (67।32फीसदी) और मुज़फ्फरपुर (मीनापुर जैसे क्षेत्रों में 73 फीसदी से अधिक) जैसे जिलों में महिलाओं की लंबी कतारें दिखीं, जिसे बीजेपी नेताओं ने अपनी कल्याण योजनाओं के समर्थन के रूप में देखा है। कहा जा रहा है बिहार में महाराष्ट्र दोहराया जा रहा है, मुंबई के एक सट्टेबाज़ ने जो कहा वह बीजेपी-नेतृत्व वाले गठबंधन की 2024 महाराष्ट्र की निर्णायक जीत की याद दिला रहा था, जिसने एंटी-इनकंबेंसी को दरकिनार कर विपक्ष को चकनाचूर कर दिया था। एनडीए खेमे के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, पहले चरण की 121 सीटों में से लगभग 100 सीटों पर बढ़त के संकेत हैं, और यह लहर 11 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण तक जारी रह सकती है।

मुंबई और दिल्ली के सट्टा बाजार, जो हमेशा कानूनी धुंध में काम करते हैं, में 06 नवंबर के मतदान के बाद समीकरण काफी बदल गए हैं। पहले महागठबंधन सीमांचल और मिथिलांचल जैसे जातीय रूप से विभाजित इलाकों में मामूली बढ़त पर था, लेकिन 06 नवंबर की जबरदस्त वोटिंग ने विपक्षी दांव को तहस-नहस कर दिया। एक अनुभवी सट्टेबाज ने बताया, एनडीए की जीत की संभावनाएं अब 75-80 प्रतिशत तक पहुंच चुकी हैं, जबकि महागठबंधन की सीटों का अनुमान 80 से नीचे गिर गया है। खासकर अगर बाकी 122 सीटों पर ईबीसी और दलित मतदाताओं की भागीदारी बनी रही तो। सट्टा बाज़ार के कारोबारी अब एनडीए पर बड़े पैमाने पर दांव लगा रहे हैं, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी के जोशीले अभियान और नीतीश कुमार की जातीय समीकरणों पर मजबूत पकड़ को दिया जा रहा है। वहां भी नवंबर 2024 में महिला और शहरी मतदाताओं की अभूतपूर्व भागीदारी ने बीजेपी-महायुति गठबंधन को जोरदार वापसी दिलाई थी, जिससे एक्ज़िट पोल ध्वस्त हो गए और महा विकास अघाड़ी की उम्मीदें खत्म हो गईं।

बिहार में गंगा के दक्षिण के हाई-स्टेक इलाकों में, जहां 2020 में महागठबंधन को 61-59 की मामूली बढ़त मिली थी, अब एनडीए का जोश चरम पर है।मोदी की कल्याण योजनाओं की बाढ़ और नीतीश की स्थानीय रसायनशास्त्र मिलकर एक बार फिर वही कहानी लिख रहे हैं एंटी-इनकंबेंसी की कोई गुंजाइश नहीं, एक वरिष्ठ बीजेपी रणनीतिकार ने कहा। इस बीच विपक्ष संभलने की कोशिश में है, तेजस्वी यादव की पक्की जीत की घोषणा अब खोखली लग रही है, जबकि आरजेडी की धांधली की शिकायतें चुनाव आयोग ने निराधार बताकर खारिज कर दी हैं।

सट्टा बाजार का मूड सिर्फ रुझान नहीं बल्कि आकार का संकेत दे रहा है। बिहार के 3।75 करोड़ मतदाता एक और रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी के लिए तैयार हैं। सट्टा मॉडलों के अनुसार, एनडीए 150-160 सीटों के करीब पहुंच सकता है, विपक्ष के यादव-मुस्लिम गढ़ों में सेंध लगाते हुए और जन सुराज की सीमित उपस्थिति को पीछे छोड़ते हुए। प्रशांत किशोर की नई पार्टी, जो 239 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, कुछ असर डाल सकती है, पर सत्ता समीकरण बदलने की ताकत नहीं रखती। एक सट्टेबाज़ ने कहा, अगर दूसरा चरण भी ऐसा ही रहा, खासकर ईबीसी बहुल और महिला मतदाता वाले क्षेत्रों में तो हम बिहार की राजनीति के नए समीकरण का साक्षी बनने जा रहे हैं। उधर, महागठबंधन समर्थक, जो कांग्रेस के 80 सीटों के दावे से उत्साहित हैं, कहते हैं कि उच्च मतदान परिवर्तन का संकेत है, लेकिन सट्टा बाजार की फुसफुसाहट कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।

14 नवंबर की मतगणना से पहले निगाहें अब सीमांचल की सीमाओं, महिलाओं की 4-5 प्रतिशत अतिरिक्त भागीदारी और प्रवासी मतदाताओं वाले क्षेत्रों में एनडीए की बढ़त पर टिक गई हैं। बीजेपी-जेडीयू गठबंधन के लिए यह सिर्फ सत्ता बरकरार रखने की बात नहीं, बल्कि पुनर्निर्माण का क्षण है, महाराष्ट्र की तरह एक और सुनामी जो मोदी की पूर्वी दुर्ग को और मजबूत कर सकती है। वहीं महागठबंधन के लिए यह करो या मरो की लड़ाई है, दूसरा चरण कमजोर रहा तो लहर नहीं, बल्कि पूरा सफाया होगा। बिहार की गर्म चुनावी गणना में सट्टेबाज़ों की स्याही अब सूख रही है और वह पूरी तरह एनडीए के सुनहरे रंग में रंगी हुई है।

# अंतरिक्ष में भारतीय संचार का नया सितारा सीएमएस-03



**योगेश कुमार गोयल**

पिछले दिनों श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 'बाहुबली' रॉकेट एलवीएम3-एम5 ने भारत के अब तक के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस-03 को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंचाया और उसी के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। यह प्रक्षेपण न केवल भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नई छलांग है बल्कि यह उस आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है, जिसकी परिकल्पना आज का भारत अपने वैज्ञानिक संकल्प से साकार कर रहा है। करीब 4,410 किलोग्राम वजनी सीएमएस-03 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया है। यह भारत की धरती से अब तक छोड़ा गया सबसे भारी संचार उपग्रह है। यह उपग्रह भारत तथा आसपास के समुद्री क्षेत्रों में मल्टी-बैंड संचार सेवाएं प्रदान करेगा और अगले 15 वर्षों तक देश की संचार प्रणाली की रीढ़ साबित होगा। इस मिशन की सफलता ने एक बार फिर इसरो की वैज्ञानिक दक्षता, तकनीकी परिपक्वता और अडिग संकल्प का प्रमाण दिया है।

'बाहुबली' नाम अपने आप में इस रॉकेट की क्षमता का परिचायक है। एलवीएम3 (लॉन्च व्हीकल मार्क-3) इसरो का सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान है, जो लगभग 43.5 मीटर ऊंचा और तीन चरणों में कार्य करने वाला रॉकेट है। इसकी भार वहन क्षमता ही इसे 'बाहुबली' का दर्जा देती है। यह रॉकेट लगभग 4,000 किलोग्राम वजन तक के उपग्रहों को जीटीओ में और 8,000 किलोग्राम तक के उपग्रहों को पृथ्वी की निम्न कक्षा (लो अर्थ ऑर्बिट) तक पहुंचाने में सक्षम है। यह वही रॉकेट है, जिसने भारत को विश्व पटल पर गौरव दिलाने वाला ऐतिहासिक चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च किया था, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत का झंडा लहराया।

एलवीएम3-एम5 रॉकेट तीन चरणों में कार्य करता है। पहले चरण में इसके दो ठोस बूस्टर रॉकेट एस-200 प्रारंभिक लिफ्ट ऑफ के लिए भारी थ्रस्ट उत्पन्न करते हैं। दूसरे चरण में एल-110 लिक्विड प्रोपल्शन स्टेज आता है, जिसे विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में विकसित किया गया है। तीसरे और अंतिम चरण में क्रायोजेनिक इंजन सी-25 कार्य करता है, जो सैटेलाइट को सटीक रूप से उसकी कक्षा में स्थापित करने की अंतिम जिम्मेदारी निभाता है। यह जटिल प्रणाली और उसकी सटीक कार्यप्रणाली भारत की उस इंजीनियरिंग दक्षता की परिचायक है, जिसने आज विश्व की शीर्ष चार अंतरिक्ष शक्तियों में भारत को स्थापित किया है।

इसरो के इस मिशन की सबसे बड़ी सफलता यह है कि यह भारत को भारी उपग्रह प्रक्षेपण में पूर्ण आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करता है। इससे पहले इसरो को अपने भारी उपग्रहों के लिए विदेशी लॉन्च सेवाओं का सहारा लेना पड़ता था, जैसे कि दिसंबर 2018 में जीएसएटी-11 को फ्रैंच गयाना से एरिएन-5 रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। उस समय जीएसएटी-11 (5854 किलोग्राम) इसरो का सबसे भारी उपग्रह था परंतु वह भारत से लॉन्च नहीं हो सका था। आज सीएमएस-03 के सफल प्रक्षेपण के साथ भारत ने यह उपलब्धि अपने दम पर हासिल कर ली है। सीएमएस-03 को इसरो के वैज्ञानिकों ने आधुनिक संचार अवसंरचना की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। यह एक मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जो देश के दूरस्थ और समुद्री इलाकों में तेज और विश्वसनीय संचार सेवाएं सुनिश्चित करेगा। इस उपग्रह के माध्यम से रक्षा क्षेत्र, नौसेना, आपदा प्रबंधन, नागरिक संचार और डिजिटल कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी सुधार होगा। विशेष रूप से यह नौसेना के लिए समुद्री क्षेत्रों में सुरक्षित और निर्बाध संचार नेटवर्क प्रदान करेगा, जिससे भारत की समुद्री सुरक्षा क्षमताएं कई गुना बढ़ जाएंगी।

भारत की समुद्री सीमाएं लगभग 7,500 किलोमीटर लंबी हैं और उसके पास व्यापक आर्थिक क्षेत्र है। ऐसे में सुदूर समुद्री इलाकों में संचार का सशक्त नेटवर्क आवश्यक है। सीएमएस-03 इस दिशा में एक बड़ा कदम है, जो भारतीय नौसेना को रणनीतिक रूप से अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके अलावा, यह देश के ग्रामीण और दूरदराज़ इलाकों में डिजिटल पहुंच को भी सुदृढ़ करेगा। एलवीएम3-एम5 मिशन की सफलता इस बात का भी प्रमाण है कि भारत अब न केवल वैज्ञानिक तकनीक का उपभोक्ता देश है बल्कि वह तकनीक निर्माता और नवोन्मेषी शक्ति के रूप में भी उभर चुका है। इसरो के वैज्ञानिकों ने खराब मौसम की चुनौतियों और अत्यधिक जटिल तकनीकी परिस्थितियों में भी इस मिशन को सफलता तक पहुंचाया। इसरो प्रमुख वी. नारायणन के शब्दों में, 'यह बाहुबली रॉकेट की ताकत का एक और प्रमाण है। उपग्रह को सटीक रूप से कक्षा में स्थापित किया गया है और यह हमारे वैज्ञानिकों की अथक मेहनत का परिणाम है।'

एलवीएम3-एम5 रॉकेट की अब तक की सभी आठ उड़ानें 100 प्रतिशत सफल रही हैं। यह सफलता दर किसी भी विकसित अंतरिक्ष एजेंसी के मानकों पर श्रेष्ठ मानी जा सकती है। भारत के लिए यह मिशन केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है बल्कि यह उस दृष्टि का विस्तार है, जो प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प से जुड़ी है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत ने हाल के वर्षों में जो प्रगति की है, उसने न केवल विश्व को चकित किया है बल्कि निजी उद्योगों और स्टार्टअप्स के लिए भी अंतरिक्ष तकनीक में नए अवसर खोले हैं। सीएमएस-03 मिशन भारत की उस अंतरिक्ष नीति को भी मजबूत करता है, जिसके तहत देश आने वाले वर्षों में वाणिज्यिक प्रक्षेपण सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। भारत अब वैश्विक स्तर पर उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जो भारी उपग्रहों को स्वयं की तकनीक से अंतरिक्ष में भेजने में सक्षम हैं। इससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की वैश्विक विश्वसनीयता भी बढ़ेगी।

इसरो के मिशनों की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसने हर उपलब्धि सीमित बजट में हासिल की है। एलवीएम3 की संरचना और प्रदर्शन का स्तर यूरोपियन एरिएन-5 या अमेरिकी फाल्कन-9 जैसी श्रेणी के रॉकेटों के समान है जबकि इसकी लागत उन मिशनों की तुलना में बेहद कम है। यही भारतीय प्रतिभा और वैज्ञानिक अनुशासन की असली पहचान है। इस मिशन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि सीएमएस-03 से भारत की डिजिटल कनेक्टिविटी और रक्षा नेटवर्क दोनों को मजबूती मिलेगी। देश के सुदूरवर्ती द्वीपों, सीमांत इलाकों और समुद्री मार्गों पर निर्बाध संचार स्थापित करना अब अधिक आसान होगा। इस मिशन के जरिए भारत का संचार तंत्र और आपदा प्रबंधन प्रणाली भी अधिक सटीक और प्रभावी होगी। यह उपलब्धि भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज जब विश्व अंतरिक्ष की नई प्रतिस्पर्धा में प्रवेश कर चुका है, जहां अमेरिका, रूस, चीन और यूरोप अपनी तकनीकी श्रेष्ठता सिद्ध करने की होड़ में हैं, भारत ने शांत, दृढ़ और सटीक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अपनी अलग पहचान बनाई है। चंद्रयान-3 के बाद 'बाहुबली' की यह सफलता भारत की उसी निरंतर प्रगति का प्रतीक है, जिसने विज्ञान को राष्ट्रीय गौरव से जोड़ा है।

कुल मिलाकर, भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब केवल खोज का नहीं बल्कि सशक्त राष्ट्र निर्माण का माध्यम बन चुका है। सीएमएस-03 केवल एक उपग्रह नहीं बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता, आत्मविश्वास और दूरदृष्टि का प्रतीक है। यह उस युग का उद्घोष है, जिसमें भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नेतृत्व की भूमिका निभाने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। इसरो के वैज्ञानिकों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि भारत की प्रतिभा, अनुशासन और धैर्य का कोई विकल्प नहीं। 'बाहुबली' की यह उड़ान आने वाले दशकों तक भारतीय विज्ञान की उपलब्धियों में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगी। यह केवल एक प्रक्षेपण नहीं बल्कि भारत की उस उड़ान का प्रतीक है, जो अपनी शक्ति, अपनी तकनीक और अपने संकल्प के बल पर सीमाओं से परे अंतरिक्ष तक पहुंच चुकी है। निश्चय ही 'बाहुबली' की यह उड़ान भारत की अंतरिक्ष यात्रा के स्वर्ण युग की शुरुआत है, जहां सीमाएं नहीं, केवल ऊंचाईयां हैं।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार तथा सामरिक मामलों के विश्लेषक हैं)

## विदेश की खबरें

### दुनिया भर में भारतीय दूतावासों ने 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया

**वाशिंगटन/ओटावा :** दुनिया भर में भारतीय दूतावासों ने देश के राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर सामूहिक गायन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामुदायिक समारोहों के साथ प्रवासी भारतीयों में एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को प्रतिबिंबित किया। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा 1875 में रचित, वंदे मातरम को सबसे पहले उनके उपन्यास आनंदमठ में शामिल किया गया था और बाद में यह भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान एक नारा बन गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को इसकी 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में साल भर जारी रहने वाले स्मरणोत्सव का उद्घाटन किया। वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सात नवंबर को भारतीय प्रवासी छात्रों द्वारा सामूहिक गायन के साथ इस मील के पत्थर को चिह्नित किया गया। ओटावा में, उच्चायुक्त दिनेश के. पटनायक ने भारतीय प्रवासी सदस्यों और उच्चायोग के अधिकारियों के साथ 'वंदे मातरम' गायन का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में ओडिसी नृत्य का प्रदर्शन भी किया गया। मिशन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''इस अमर स्तुति का सम्मान करते हुए, हम एक आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर और पुनरुत्थानशील विकसित भारत 2047 के प्रति अपने संकल्प की पुष्टि करते हैं।'' दोहा में, राजदूत विपुल ने एक कार्यक्रम में राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन का नेतृत्व किया, जिसे दूतावास ने राष्ट्र को जोड़ने वाली देशभक्ति और एकता की भावना के प्रति एक सम्मान बताया।

### एच1बी वीजा दुरुपयोग के मामलों में 175 जांच शुरू करेगा ट्रंप प्रशासन

**न्यूयॉर्क :** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीजा के दुरुपयोग के मामलों में लगभग 175 जांच शुरू की हैं, जिनमें कम वेतन, कार्यस्थलों का अभाव और कर्मचारियों की 'बेंचिंग' जैसी खामियां शामिल हैं। अमेरिकी श्रम विभाग के अनुसार, ये जांच अमेरिकी नौकरियों की सुरक्षा के व्यापक प्रयास का हिस्सा हैं। श्रम विभाग ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अमेरिकी नौकरियों की सुरक्षा के अपने मिशन के तहत, हमने एच-1बी वीजा के दुरुपयोग के मामलों में 175 जांच शुरू की हैं।''

### पाकिस्तान ने रक्षा बलों के प्रमुख का नया पद सृजित करने के लिए संशोधन पेश किया

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने शनिवार को तीनों सेनाओं के बीच बेहतर समन्वय और एकीकृत कमान सुनिश्चित करने के लिए रक्षा बल प्रमुख का नया पद सृजित करने के लिए एक संवैधानिक संशोधन पेश किया। संसद में प्रस्तुत 27वें संविधान संशोधन विधेयक में संविधान के अनुच्छेद 243 में परिवर्तन का प्रस्ताव है। यह अनुच्छेद अन्य मुद्दों के अलावा सशस्त्र बलों से संबंधित है। संशोधन विधेयक के तहत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की सलाह पर सेना प्रमुख और रक्षा बल प्रमुख की नियुक्ति करेंगे। इसमें आगे कहा गया है कि थलसेना अध्यक्ष रक्षा बलों के प्रमुख भी होंगे। वह प्रधानमंत्री के परामर्श से 'नेशनल स्ट्रेटजिक कमांड' के प्रमुख की नियुक्ति करेंगे। 'नेशनल स्ट्रेटजिक कमांड' का प्रमुख पाकिस्तानी सेना से होगा। सरकार सशस्त्र बलों के व्यक्तियों को फील्ड मार्शल, मार्शल ऑफ द एयर फोर्स और एडमिरल ऑफ द फ्लीट के पदों पर पदोन्नत कर सकेगी। विधेयक में कहा गया है कि 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी' के अध्यक्ष का पद 27 नवंबर 2025 को समाप्त हो जाएगा। शुक्रवार को स्थानीय मीडिया में आई रिपोर्ट के अनुसार, यह कदम मई में पाकिस्तान और भारत के बीच हुए चार दिवसीय सैन्य संघर्ष से मिले सबक और आधुनिक युद्ध की उभरती प्रकृति से प्रेरित बताया जा रहा है, जिसके लिए एकीकृत अभियानगत प्रतिक्रिया की आवश्यकता होती है।

## वर्ग पहेली नं. 3258



*बायें से दायें:-* 1) शिष्य, 2) सेविका; *नर्स,* 6) छँटा; निर्वाचित, 7) यीशु, 9) एक दिशा, 10) इतल्ला, 12) डोंगा, 13) भालू, 15) जुनून, 17) मोहलत, 19) भाई, 20) घर, 21) साधारण, 23) विषपायी डमरूवादक, 24) सार्वजनिक, 25) कायम, 27) सामग्री, 29) गीला.

*ऊपर से नीचे:-* 1) भारत का एक शहर, 2) कपड़ा चौड़ाई, 3) चालढाल; आचरण, 4) उपयोग; धंधा, 5) देहपात, 6) ओढ़नी, 8) छाती, 11) हाथी, 14) नख़रीली, 16) एक क्षार, 18) विलायती बैगन, 21) करतूत, 23) संशय, 24) आसान, 25) अपराधमुक्त, 26) स्वामित्व, 27) संग, 28) नाड़ीस्पंदन.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3215

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 4 | | | | | 8 | |
| | 5 | 3 | | | | | | 2 |
| | | | | 4 | | 7 | | |
| 2 | | | | | 9 | | 6 | |
| | | | | | | | | 9 |
| | 4 | | | 3 | | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | 1 | 6 | | | | | |
| | | | | 7 | | 9 | 5 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3214 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 7 | 5 | 1 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 7 | 9 | 5 | 3 | 6 |
| 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 1 | 4 |
| 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 | 4 | 1 |
| 5 | 1 | 2 | 6 | 8 | 4 | 3 | 7 | 9 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 3 | 7 | 6 | 2 | 5 |
| 7 | 8 | 9 | 2 | 6 | 1 | 4 | 5 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 6 | 7 |

### एसआईआर प्रक्रिया के बीच बसिरहाट में विवादित पोस्टर से हड़कंप

# घुसपैठियों को दी गई 'देश छोड़ने' की धमकी




**कोलकाता, समाज्ञा :** एसआईआर प्रक्रिया के बीच बसिरहाट रेलवे स्टेशन पर लगाए गए विवादित पोस्टर से शनिवार को हड़कंप मच गया। पोस्टर में अवैध बांग्लादेशी रोहिंग्या मुस्लिम भारत छोड़ो जैसी बातें लिखी थीं, जिससे इलाके में तनाव फैल गया। जानकारी के अनुसार, यह घटना सियालदाह-हसनाबाद रेलखंड के बसिरहाट रेलवे स्टेशन की है। शनिवार की सुबह स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर कई पोस्टर चिपके देखे गए, जिन पर लिखा था, अवैध घुसपैठिए बांग्लादेशी रोहिंग्या मुस्लिम तुरंत भारत छोड़ो। नीचे लिखा था प्रचार में सनातनी योद्धा, बसिरहाट जिला। जैसे ही यात्रियों की नजर इन पोस्टरों पर पड़ी, पूरे स्टेशन परिसर में सनसनी फैल गई। कुछ ही देर में पोस्टरों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। अब सवाल उठ रहे हैं कि ये पोस्टर किसने लगाए? कब लगाए गए? और किस मकसद से? स्थानीय लोग भी इन सवालों के जवाब को लेकर असमंजस में हैं। विश्व हिंदू परिषद के दक्षिण बंगाल प्रांत के सेवा प्रमुख डॉ. शौर्य बनर्जी ने कहा कि भारत माता के भक्त ही ऐसे पोस्टर लगा सकते हैं। जो अवैध और जिहादी हैं, वे नहीं लगाएंगे। जिन्होंने यह पोस्टर लगाए हैं, वे निश्चित रूप से सनातनी योद्धा होंगे। उन्होंने आगे कहा कि जो लोग बांग्लादेश से चोरी-छिपे भारत आए हैं, वे भारतीय नागरिक नहीं हैं। उन्हें यहां रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्हें देश से निकाल देना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के श्रमिक संगठन के राज्य सचिव कौशिक दत्ता ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह सनातनी नहीं, बल्कि शैतानी मानसिकता है। एसआईआर प्रक्रिया को लेकर भाजपा अब राजनीतिक रूप से बैकफुट पर है। पिछले कुछ दिनों में बांग्लादेश से आए मतुआ और नमशूद्र समुदाय के कई लोग डर के माहौल में हैं। जो पहले भाजपा को वोट देते थे, वे अब कह रहे हैं कि इस समय तृणमूल कांग्रेस ही उनके साथ खड़ी है और वे भाजपा को सबक सिखाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा यह समझ चुकी है कि एसआईआर उनके लिए बूमरैंग बन गया है, इसलिए वे मुद्दा भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में रोहिंग्या की संख्या बहुत कम है। शुभेंदु अधिकारी जो कह रहे हैं, वह पूरी तरह झूठ है।

## बंगाल में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को पूर्वानुमान किया कि अगले चार दिनों के दौरान राज्य में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी, क्योंकि सभी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। आईएमडी ने कहा कि रविवार को सुबह के समय राज्य के उप-हिमालयी जिलों में हल्का से मध्यम कोहरा छाया रहेगा। आईएमडी ने कहा कि अगले सात दिनों तक राज्य के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। अगले चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने तथा उसके बाद पश्चिम बंगाल के सभी जिलों में अगले तीन दिनों तक कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होने का अनुमान है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, शनिवार को दार्जिलिंग में न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पहाड़ी क्षेत्रों में सबसे कम था। राज्य के मैदानी इलाकों में बीरभूम जिले के श्रीनिकेतन में सबसे कम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने बताया कि अन्य स्थानों में आसनसोल (15.8 डिग्री सेल्सियस), कलिम्पोंग (16 डिग्री सेल्सियस) और पुरुलिया (17 डिग्री सेल्सियस) में रात का तापमान काफी कम दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि कोलकाता में न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया तथा रविवार की सुबह इसके 20 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है।


## वाक-इन-इंटरव्यू

### हावड़ा मंडल में मेडिकल प्रैक्टिशनरों की नियुक्ति

**अधिसूचना सं. ई/ओ/जीएजेड/सीएमपी/पीटी. I/11/25 दिनांक: 07.11.2025**

पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में बैण्डल और बर्धमान स्वास्थ्य इकाई में एक वर्ष की अवधि के लिए पूर्णकालिक अनुबंध के आधार पर पैनल के साथ **'कॉन्ट्रेक्ट मेडिकल प्रैक्टिशनर'** (02 जीडीएमओ) के रूप में नियुक्त किए जाने वाले डॉक्टरों के 02 (दो) पदों के चयन के लिए निम्नलिखित नियमों और शर्तों पर वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। जो डॉक्टर अपेक्षित योग्यता और आयु को पूरा करते हैं और उपरोक्त नियुक्ति के लिए इच्छुक हैं, उनसे अनुरोध है कि वे सभी प्रमाण पत्रों और मार्कशीट की मूल प्रति, फोटोकॉपी और दो (02) हालिया पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ **मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, आर्थोपेडिक्स अस्पताल, पूर्व रेलवे, हावड़ा** के कार्यालय में **वॉक-इन-इंटरव्यू** के लिए उपस्थित हो।

साक्षात्कार की तिथि: **17.11.2025.** रिपोर्टिंग समय: **11.00 बजे।** साक्षात्कार में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपने साथ मूल प्रमाणपत्र तथा उनकी सत्यापित प्रतियां लेकर आएं।

नियुक्ति की प्रकृति: यह नियुक्ति पूर्णतः एक वर्ष के लिए संविदात्मक आधार पर है, जिसे 20वें कार्यकाल तक, या उम्मीदवार की आयु 65 वर्ष होने तक, जो भी पहले हो, या यूपीएससी द्वारा चयनित आईआरएचएस डॉक्टर नियमित रूप से उपलब्ध होने तक, नवीनीकृत किया जा सकता है। सेवानिवृत्त आईआरएचएस अधिकारी/राज्य सरकार और केंद्र सरकार के सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सा अधिकारी, जिनकी आयु 67 वर्ष तक हो।

पारिश्रमिक: जीडीएमओ के लिए रु .95,000.00 प्रति माह।

पदों की संख्या: 02 + पैनल.

योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एमबीबीएस की डिग्री तथा एक वर्ष की रोटेटिंग इंटर्नशिप पूरी की हो तथा भारतीय राज्य चिकित्सा परिषद का वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र उसके पास होना चाहिए।

आयु: (क) अधिसूचना की तिथि को 60 वर्ष से अधिक नहीं (ख) सेवानिवृत्त आईआरएचएस अधिकारी/राज्य सरकार और केंद्र सरकार के सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सा अधिकारियों के लिए 65 वर्ष से अधिक नहीं।

विस्तृत जानकारी वेबसाइट **https://er.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध होगी।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter


## गांगुली को आईसीसी अध्यक्ष बनने से रोकना आसान नहीं : ममता



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर सौरव गांगुली का समर्थन करते हुए कहा कि पूर्व भारतीय कप्तान को अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का अध्यक्ष बन जाना चाहिए था। ममता ने अपने चिरपरिचित अंदाज में कहा कि उन्हें रोकना इतना आसान नहीं है। शनिवार को ईडन गार्डन्स में विश्व कप विजेता ऋचा घोष के सम्मान समारोह के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गांगुली और इस युवा क्रिकेटर दोनों की सराहना की। इसके बाद, उन्होंने लंबे समय तक विवादों में रहे विषय पर कहा कि हम हमेशा चाहते थे कि गांगुली लंबे समय तक भारत के कप्तान बने रहें। उन्होंने कहा कि एक और बात जो मुझे कहनी चाहिए, अगर मैं यह कहूं तो गांगुली को बुरा लग सकता है, लेकिन मैं थोड़ी मुखर हूं और हमेशा कड़वा सच बोलती हूं, मैं इसे कभी नहीं बदल पाई। ममता ने कहा कि आज आईसीसी अध्यक्ष किसको होना चाहिए था? कोई और नहीं, बल्कि सौरव गांगुली को। भले ही वह अभी आईसीसी अध्यक्ष नहीं बने हों, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि एक दिन वह जरूर बनेंगे। उन्हें रोकना इतना आसान नहीं है।

## फॉर्म वितरण में गड़बड़ी! 8 बीएलओ को चुनाव आयोग ने थमाया शो-कॉज नोटिस

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष संवीक्षा (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान एक बार फिर अनियमितता के आरोप सामने आए हैं। कई स्थानों पर बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) आयोग के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। आरोप है कि वे मतदाताओं के घर-घर जाकर फॉर्म देने के बजाय खुले मैदान, क्लब या दुकानों में बैठकर फॉर्म वितरित कर रहे हैं। इससे आम नागरिकों में नाराजगी फैल गई है। चुनाव आयोग (ईसीआई) के दिशा-निर्देशों के अनुसार, हर बीएलओ को अपने निर्धारित क्षेत्र में जाकर प्रत्येक मतदाता से संपर्क कर फॉर्म व्यक्तिगत रूप से सौंपना होता है। लेकिन कई जिलों में इस नियम की अनदेखी की गई है। परिणामस्वरूप आयोग ने सख्ती दिखाई है और 8 बीएलओ को कारण बताओ (शो-कॉज) नोटिस जारी किया गया है। बीएलओ के कामकाज पर और कड़ी निगरानी रखने के लिए राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) कार्यालय में विशेष नियंत्रण कक्ष खोला गया है। साथ ही शिकायत दर्ज कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर 033-22310850 जारी किया गया है। इस नंबर पर नागरिक बीएलओ की किसी भी अनियमितता या भ्रष्टाचार की शिकायत कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, जिन बीएलओ के खिलाफ आरोप साबित होंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। सजा के तौर पर पदावनति, वेतनवृद्धि पर रोक या नौकरी से बर्खास्तगी जैसी कार्रवाई संभव है। यहां तक कि अगर कोई बीएलओ फॉर्म वितरण के नाम पर पैसे मांगते हैं या जानबूझकर फॉर्म नष्ट करते हैं, तो उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत आपराधिक मामला भी दर्ज किया जा सकता है।

### एसएससी नियुक्ति घोटाले में नया मोड़, पार्थ चटर्जी के खिलाफ गवाह बन सकते हैं एसएससी के अधिकारी

**कोलकाता :** एसएससी नियुक्ति घोटाले के मामले में अब एक नया मोड़ आया है। सीबीआई इस मामले में आरोपी पार्थ चटर्जी और अन्य के खिलाफ एसएससी के एक अधिकारी को सरकारी गवाह (राजसाक्षी) बनाने पर विचार कर रही है। शुक्रवार को अलीपुर स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में चल रही सुनवाई के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि इससे पहले ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के मामले में पार्थ चटर्जी के खिलाफ उनके दामाद ही सरकारी गवाह बने थे। अब सीबीआई की नियुक्ति घोटाला जांच में भी एक आरोपी को राजसाक्षी बनाने की तैयारी चल रही है। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने सीबीआई से पूछा, क्या समरजीत आचार्य को राजसाक्षी बनाया जाएगा? इस पर सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक ने जवाब दिया, इस पर विचार चल रहा है। सूत्रों के अनुसार, एसएससी अधिकारी समरजीत आचार्य इस मामले के आरोपियों में से एक हैं। फिर भी, जांच एजेंसी मामले के हित में उन्हें सरकारी गवाह बनाने की दिशा में कदम बढ़ा सकती है।

## एसएससी ने पुरानी वेबसाइट में तकनीकी गड़बड़ियों के चलते नयी वेबसाइट शुरू की



**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) ने शनिवार को शिक्षक की नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को अपना परिणाम देखने में मदद करने के लिए एक नयी वेबसाइट शुरू की, क्योंकि कई परीक्षार्थियों को पुराने पोर्टल से परिणाम प्राप्त करने में कठिनाई हो रही थी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बता दें कि एसएससी ने ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के लिए सहायक शिक्षकों के लिए राज्य स्तरीय चयन परीक्षा (एसएलएसटी) के परिणाम शुक्रवार की रात 9:30 बजे जारी किए। आयोग के आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड किए गए परिणामों से राज्य द्वारा संचालित और राज्य सरकार से सहायता प्राप्त स्कूलों में 12,514 सहायक शिक्षकों की रिक्तियों को भरने का मार्ग प्रशस्त हुआ। अधिकारी ने बताया कि बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने एक साथ लॉग इन करने की कोशिश की, लेकिन बहुत कम ही लोग इसमें सफल हो पाए। अधिकारी ने कहा कि हमने 2.29 लाख से अधिक उम्मीदवारों की सुविधा के लिए एक नयी वेबसाइट शुरू की है। पुरानी साइट भी काम कर रही है। उन्होंने अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि वे लगातार प्रयास न करें, बल्कि समय-समय पर प्रयास करें।

## ममता सरकार वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को दे रही संरक्षण : शुभेंदु अधिकारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर वोट बैंक की राजनीति के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्थायी बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को ज़मीन देने से इनकार करने के कारण लगभग 540 किलोमीटर सीमा पर बाड़ नहीं लगी है। कोलकाता में पत्रकारों से बात करते हुए, शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि जमीनी हक़ीकत यह है कि घुसपैठिए, ख़ासकर बांग्लादेशी मुसलमान, पश्चिम बंगाल की सीमा से आ रहे हैं क्योंकि 540 किलोमीटर के क्षेत्र में कोई बाड़ नहीं है। ममता बनर्जी सरकार बीएसएफ को स्थायी बाड़ लगाने के लिए पर्याप्त ज़मीन नहीं दे रही है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि लाखों घुसपैठिए राज्य में घुस रहे हैं और कहा कि उन्हें पता लगाया जाना चाहिए, हटाया जाना चाहिए और निर्वासित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लाखों बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठिए, जो भारतीय नहीं हैं, आ रहे हैं। ममता बनर्जी और उनकी सरकार उन्हें संरक्षण दे रही है। वोट बैंक की राजनीति के कारण, ममता बनर्जी और उनकी पुलिस उन्हें संरक्षण दे रही है। हम उनका पता लगाना, उन्हें हटाना और निर्वासित करना चाहते हैं।


## अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें

### हावड़ा और रक्सौल, सियालदह और जयनगर तथा आसनसोल और गया के बीच

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **हावड़ा – रक्सौल , सियालदह – जयनगर और आसनसोल – गया** के बीच **अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें** निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, आवागमन की तिथियों, ठहराव और गठन के अनुसार चलेंगी:-

**03039/03040 हावड़ा – रक्सौल – हावड़ा अनारक्षित स्पेशल**

| हावड़ा – रक्सौल स्पेशल | | | (03039) (03040) | रक्सौल – हावड़ा स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| 10.11.25 (सोम) | – | **15.15** | ↓ हावड़ा | **05.15** | – | 12.11.25 (बुध) |
| | 17.15 | 17.17 | बर्द्धमान | 02.41 | 02.43 | |
| | 19.35 | 19.40 | आसनसोल | 00.30 | 00.35 | |
| | 21.08 | 21.10 | जसीडीह | 22.33 | 22.35 | 11.11.25 (मंगल) |
| 11.11.25 (मंगल) | 00.50 | 01.00 | बरौनी | 17.25 | 17.35 | |
| | **08.00** | – | रक्सौल ↑ | – | **11.00** | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें मार्ग में दोनों दिशाओं में बैण्डेल, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, जमुई, किऊल, दलसिंहसराय, समस्तीपुर, लहेरियासराय, दरभंगा, कमतौल, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनियां और घोड़ासहन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ: हावड़ा से**–03039 दिनांक 10.11.2025 (सोमवार) को = 01 ट्रिप और **रक्सौल से** – 03040 दिनांक 11.11.2025 (मंगलवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 20 और एसएलआरडी-02 = 22 कोच **(अनारक्षित)। कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03189/03190 सियालदह – जयनगर – सियालदह अनारक्षित स्पेशल**

| सियालदह – जयनगर स्पेशल | | | (03189) (03190) | जयनगर – सियालदह स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| 10.11.25 (सोम) | – | **15.40** | ↓ सियालदह | **01.30** | – | 12.11.25 (बुध) |
| | 18.15 | 18.17 | बर्द्धमान | 22.32 | 22.34 | |
| | 20.05 | 20.10 | आसनसोल | 20.50 | 20.55 | |
| | 22.25 | 22.27 | जसीडीह | 18.10 | 18.12 | 11.11.25 (मंगल) |
| 11.11.25 (मंगल) | 01.30 | 01.40 | बरौनी | 15.20 | 15.30 | |
| | **07.00** | – | जयनगर ↑ | – | **10.00** | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें मार्ग में दोनों दिशाओं में नैहाटी, बैण्डेल, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, जमुई, किऊल, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ: सियालदह से**–03189 दिनांक 10.11.2025 (सोमवार) को = 01 ट्रिप और **जयनगर से** – 03190 दिनांक 11.11.2025 (मंगलवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रणी (जीएस) - 20 और एसएलआरडी-02 =22 कोच **(अनारक्षित)। कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03515/03516 आसनसोल–गया–आसनसोल अनारक्षित स्पेशल**

| आसनसोल – गया स्पेशल | | | (03515) (03516) | गया – आसनसोल स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| 10.11.25 (सोम) | – | **13.00** | ↓ आसनसोल | **11.40** | – | 11.11.25 (मंगल) |
| | 15.02 | 15.04 | जसीडीह | 08.23 | 08.25 | |
| | 18.25 | 18.27 | किऊल | 05.12 | 05.14 | |
| | **23.50** | – | गया ↑ | – | **00.50** | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें मार्ग में दोनों दिशाओं में चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, जमुई, लक्खीसराय, शेखपुरा जंक्शन, नवादा, तिलैया जंक्शन और मानपुर स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ: आसनसोल से** –03515 दिनांक 10.11.2025 (सोमवार) को = 01 ट्रिप और **गया से** 03516 दिनांक 11.11.2025 (मंगलवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** 12 कार एमईएमयू रेक। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस **(अनारक्षित)।**

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


### यात्रियों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग की बड़ी पहल

## सरकारी बसों में आग से सुरक्षा के लिए लगेगा विशेष यंत्र



**कोलकाता :** कोलकाता और आसपास के इलाकों में पिछले छह महीनों में कई बार सरकारी बसों में आग लगने की घटनाएं हुई हैं - कभी बागुईआटी, कभी वीआईपी रोड, तो कभी कैखाली में। सौभाग्य से किसी जान-माल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन कई बसें पलभर में जलकर खाक हो गईं। इन घटनाओं से चिंतित राज्य परिवहन विभाग ने अब बड़ा कदम उठाया है। विभाग ने सरकारी बसों में 'स्वचालित अग्नि-निरोधक यंत्र लगाने का निर्णय लिया है।

यह यंत्र आग लगते ही स्वतः सक्रिय होकर बिना किसी मानव हस्तक्षेप के आग को बुझा देगा। इससे आग से होने वाले नुकसान और यात्रियों की जान को खतरा काफी हद तक कम हो जाएगा। सरकार के मुताबिक, जो नई सैकड़ों बसें खरीदी जा रही हैं, उनमें इस यंत्र को अनिवार्य रूप से लगाया जाएगा।

परिवहन विभाग के सूत्रों के अनुसार, एक यंत्र की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। शुक्रवार को परिवहन मंत्री स्नेहाशीस चक्रवर्ती ने परिवहन सचिव सौमित्र मोहन के साथ डब्ल्यूबीटीसी, एसबीएसटीसी और एनबीएसटीसी के चेयरमैन व प्रबंध निदेशकों के साथ बैठक की। बैठक में बसों की सुरक्षा और रखरखाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

निर्णय लिया गया कि बसों के रखरखाव में लगे कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, क्योंकि जांच में पाया गया कि आग लगने की अधिकांश घटनाओं की वजह रखरखाव में लापरवाही है। साथ ही ड्राइवर और कंडक्टरों को भी यह प्रशिक्षण दिया जाएगा कि आग लगने पर यात्रियों को सुरक्षित तरीके से कैसे बाहर निकाला जाए।

इसके अलावा, सरकार अब फाइबर बॉडी की जगह एलुमिनियम बॉडी वाली बसें खरीदने पर जोर दे रही है, ताकि आग लगने की संभावना कम हो। हर डिपो को यह भी निर्देश दिया गया है कि बसें रवाना होने से पहले उनकी पूरी तरह से जांच की जाए।

राज्य सरकार अब बसों की सुरक्षा और रखरखाव को लेकर एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) तैयार कर रही है, जिसके तहत सभी बसों का रखरखाव किया जाएगा। निजी कंपनियों को भी, जो बस मरम्मत का काम करती हैं, आवश्यकता पड़ने पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

हालांकि, परिवहन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि पुरानी बसों में यह स्वचालित अग्नि-निरोधक यंत्र नहीं लगाया जाएगा, क्योंकि उनमें से अधिकांश सात-आठ वर्ष पुरानी हैं और जल्द ही उन्हें सेवा से हटाया जाना है। उन बसों में पहले से ही सामान्य अग्निशमन यंत्र मौजूद हैं। इसलिए लाखों रुपये खर्च कर उनमें नई प्रणाली लगाने की योजना नहीं है।

## ठाकुरबाड़ी में एसआईआर के खिलाफ अनशन पर बैठे तीन लोग अस्वस्थ

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसआईआर के विरोध में ठाकुरनगर के मतुआ ठाकुरबाड़ी में चल रहे अनशन कार्यक्रम के दौरान शनिवार को तीन अनशनकारी अचानक बीमार पड़ गए। सूत्रों के अनुसार, तीनों अनशनकारियों को तत्काल चिकित्सकीय सहायता दी गई और वहीं मंच पर उन्हें सलाइन चढ़ाने की व्यवस्था की गई। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वे अनशन नहीं तोड़ेंगे। जानकारी के मुताबिक, इस अनशन में कुल 21 लोग शामिल हैं। शनिवार को इस आंदोलन का चौथा दिन है। बुधवार से तृणमूल कांग्रेस समर्थित ऑल इंडिया मतुआ महासंघ के नेतृत्व में यह अनशन शुरू हुआ था। शुरुआत में, 24 लोग अनशन पर बैठे थे। इस दिन, तीन अन्य अनशनकारी, नगेन मंडल, नारायण बारुई और त्रिनाथ घरामी की तबीयत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद मेडिकल टीम ने बताया कि तीनों में डिहाइड्रेशन की समस्या पाई गई है और एक व्यक्ति की हालत अपेक्षाकृत गंभीर है। उनका ब्लड प्रेशर काफी नीचे चला गया था, जिसके बाद डॉक्टरों ने तुरंत सलाइन देने का फैसला किया। इसके बावजूद तीनों ने मंच नहीं छोड़ा और वहीं अनशन जारी रखा। यह अनशन ठाकुरबाड़ी में बड़ो मां बीनापाणी देवी के घर के सामने चल रहा है। महासंघ के संगठन सचिव नरोत्तम विश्वास ने कहा कि जो लोग इस अनशन में बैठे हैं, वे सभी मतदाता हैं और 2002 की मतदाता सूची में उनके नाम दर्ज हैं। वे किसी स्वार्थ से नहीं, बल्कि आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए यह आंदोलन कर रहे हैं।

## दत्ताबाद में स्वर्ण व्यापारी के अपहरण और हत्या के मामले में दो गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम मेदिनीपुर ज़िले से एक स्वर्ण व्यापारी के अपहरण और हत्या के सिलसिले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मृतक व्यापारी स्वपन कामिल्या के परिवार ने जलपाईगुड़ी ज़िले के राजगंज प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) प्रशांत बर्मन के खिलाफ अपहरण और हत्या का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने शनिवार को बताया कि राजगंज बीडीओ के ड्राइवर और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपियों की पहचान राजू ढाली और तूफान थापा के रूप में हुई है। राजू ढाली न्यू टाउन के राजारहाट इलाके का रहने वाला है। वह राजगंज बीडीओ का ड्राइवर है। दूसरा व्यक्ति, तूफान, बीडीओ का दोस्त बताया जा रहा है। इस बीच, अपराध की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों के हाथ सीसीटीवी फुटेज लग गया है। सूत्रों ने बताया कि फुटेज में नीली बत्ती लगी एक गाड़ी में शव को ले जाते हुए देखा जा सकता है। शनिवार को आरोपियों को विधाननगर अनुमंडल न्यायालय में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने गिरफ्तार आरोपियों को 12 दिनों की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

## हथियार की बरामदगी न होना हत्या के मामले को अविश्वसनीय नहीं बना सकता : हाई कोर्ट



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हत्या के एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा है कि हत्या में इस्तेमाल हथियार की बरामदगी न होना अभियोजन पक्ष के मामले को अविश्वसनीय नहीं बना सकता क्योंकि मुकदमे में साक्ष्यों के आधार पर अपराध की पुष्टि हो चुकी है। अदालत ने 1999 के हत्या के एक मामले में तीन व्यक्तियों की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा की पुष्टि करते हुए यह टिप्पणी की। उसने कहा कि अभियोजन पक्ष अपीलकर्ताओं पर लगाए गए आरोपों को ठोस सबूतों की मदद से साबित करने में पर्याप्त रूप से सक्षम रहा। न्यायमूर्ति देबांगसु घोष और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बार रशीदी की खंडपीठ ने शुक्रवार को अपने फैसले में कहा कि इस प्रकार हमें दोषसिद्धि और सजा के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई औचित्य नहीं दिखता। हम इसकी पुष्टि करते हैं। अदालत ने कहा कि चूंकि, मामले में पेश किए गए सबूतों से यह साबित हो चुका है कि पीड़ित की हत्या की गई थी इसलिए "अपराध में इस्तेमाल किए गए हथियार की बरामदगी न होना और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आरोप का न होना अभियोजन पक्ष के मामले को अविश्वसनीय या झूठा नहीं ठहरा सकता। खंडपीठ ने कहा कि इस मामले में घटना के कम से कम तीन प्रत्यक्षदर्शी गवाह हैं। उल्लेखनीय है कि श्रीदाम घोष नामक व्यक्ति अपने दो भाइयों के साथ 19 जून, 1999 को गंगा नदी में एक यांत्रिक नाव में यात्रा कर रहा था तभी याचिकाकर्ता धनु घोष और उसके दो साथी पूर्व बर्धमान जिले के केतुग्राम में नाव पर चढ़ गए। केतुग्राम पुलिस थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, धनु श्रीदाम के पास गया और उसने एक 'पाइप गन' से उस पर गोली चला दी तथा बाकी दो आरोपियों ने उसे बढ़ावा दिया। तीन आरोपियों - धनु घोष और उसके दो सहयोगियों - को गिरफ्तार कर लिया गया और फरवरी 2022 में कटवा के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई।




# लाभपुर में बकरी चराने को लेकर दो गुटों में झड़प, एक की मौत



**वीरभूम :** जिले के लाभपुर के कुसुमगोरिया गांव में बकरी चराने को लेकर दो गुटों में हुए हिंसक झड़प में एक तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत हो गई। मृतक का नाम अब्दुल रहमान मलिक (65) है। शुक्रवार की रात को एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ा। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, विवाद की शुरुआत बुधवार की सुबह हुई थी। उस दिन, तृणमूल कांग्रेस के दो गुटों के बीच तीखी झड़प हुई। एक गुट ने दूसरे पर खेत में बकरियां चराने और धान नष्ट करने का आरोप लगाया था। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी, लोहे की रॉड और बांसों से दोनों पक्षों में भिड़ंत हो गई। चौंकाने वाली बात यह है कि यह हिंसक संघर्ष पुलिस की मौजूदगी में ही हुआ। इस झड़प में कम से कम छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हीं में से एक थे अब्दुल रहमान मलिक, जिनकी शुक्रवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि पंचायत टेंडर बंटवारा और गांव में दबदबे की लड़ाई को लेकर दोनों गुटों में पहले से ही तनाव चल रहा था। बकरियां चराने को लेकर हुआ यह विवाद उसी गुटीय संघर्ष का परिणाम बताया जा रहा है। स्थिति बिगड़ने पर लाभपुर थाने की पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर हालात नियंत्रित करने की कोशिश की। बाद में बोलपुर के एसडीपीओ रिकी अग्रवाल की अगुवाई में बड़ी पुलिस फोर्स ने गांव में फ्लैग मार्च किया और अस्थायी पुलिस कैंप स्थापित किया गया। हालांकि, स्थानीय विधायक अभिजीत सिंह ने गुटबाज़ी की बात से इनकार किया। उन्होंने कहा, गांव में बकरियों द्वारा धान खाने को लेकर दो परिवारों में विवाद हुआ। इसका राजनीति या पार्टी से कोई संबंध नहीं है। यहां कोई गुटीय संघर्ष नहीं है, सभी लोग तृणमूल के कार्यकर्ता हैं। इस बीच तृणमूल कार्यकर्ता की मौत के बाद शुक्रवार रात से इलाके में फिर से तनाव फैल गया है। पुलिस ने गांव में सुरक्षा बढ़ा दी है और स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## अलीपुरद्वार अस्पताल में मृत महिला का शव छोड़कर फरार हुए परिजन, नागरिकता पर उठे सवाल

**अलीपुरद्वार :** अलीपुरद्वार जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। शनिवार को एक मृत महिला के परिजन उसके शव को अस्पताल में छोड़कर फरार हो गए। मृत महिला का नाम संजीता बीबी (42) है। एसआईआर प्रक्रिया के माहौल में इस तरह शव छोड़कर चले जाने की घटना से संदेह गहराया है कि कहीं वह महिला बांग्लादेशी नागरिक तो नहीं थी। जानकारी के अनुसार, 5 नवंबर को संजीता बीबी को हृदयाघात होने के बाद परिजनों ने उन्हें अलीपुरद्वार जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें आईसीयू में रखा गया था, लेकिन शुक्रवार रात उनकी



मौत हो गई। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि मृत महिला का पता अलीपुरद्वार के दमनपुर इलाके का दर्ज किया गया था। अस्पताल में भर्ती के समय जावेद अली नाम के व्यक्ति को मृतका का रिश्तेदार बताया गया था, जिसने अपना मोबाइल नंबर भी दिया था। लेकिन जब अस्पताल प्रशासन ने डेथ सर्टिफिकेट जारी करने के लिए वोटर कार्ड और आधार कार्ड जैसे पहचान पत्र मांगे, तभी मामला उलझ गया। दस्तावेज मांगते ही मृतका के परिजन अचानक अस्पताल से गायब हो गए। अस्पताल के अधीक्षक परितोष मंडल ने बताया कि डेथ सर्टिफिकेट के लिए हमने वोटर कार्ड और आधार कार्ड मांगा था। लेकिन दस्तावेज मांगते ही परिवार के सदस्य फरार हो गए। उन्होंने जो फोन नंबर दिया था, वह अब स्विच्ड ऑफ है। फिलहाल, अस्पताल प्रबंधन ने शव को शवगृह में सुरक्षित रख दिया है। प्रशासन अब मृत महिला की पहचान और उसके परिजनों के बारे में जांच कर रहा है।

### बंधन म्यूचुअल फंड ने भारत में बढ़ते हेल्थकेयर अवसरों का लाभ उठाने के लिए बंधन हेल्थकेयर फंड लॉन्च किया

**कोलकाता :** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन हेल्थकेयर फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो हेल्थकेयर, फार्मा और एलाइड सर्विसेज में निवेश करती है। यह फंड भारत के सबसे तेज़ी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक, हेल्थकेयर, जिसमें अस्पताल और डायग्नोस्टिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, बायोटेक्नोलॉजी, वेल-नेस, हेल्थ-टेक आदि शामिल हैं, में अवसरों का लाभ उठाने का प्रयास करता है। विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी ने नई ऑफर पर चर्चा करते हुए कहा कि हेल्थकेयर सिर्फ़ एक ज़रूरत नहीं है; यह हमारे समय के सबसे मजबूत और स्थायी ग्रोथ थीम्स में से एक है। जैसे-जैसे आबादी बढ़ती जा रही है और मेडिकल इनोवेशन में तेज़ी आ रही है, वैसे-वैसे दुनिया भर में और भारत में हेल्थकेयर इकोसिस्टम तेज़ी से विस्तार कर रहा है।

## आसनसोल में कोयला खदान स्थल पर मिट्टी धंसने से एक व्यक्ति की मौत

**पश्चिम बर्दवान, समाज्ञा**

जिले के आसनसोल में एक कोयला खदान में भूस्खलन के कारण एक युवक की मौत हो गई। शनिवार की सुबह आसनसोल के बाराबनी इलाके के चरणपुर गांव में एक वैध कोयला खदान ढह गई। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, हालांकि खदान वैध थी, फिर भी राज्य प्रशासन की नज़र से बचकर वहां लंबे समय से अवैध कोयला खनन चल रहा था। सूत्रों ने बताया कि इस गतिविधि में ग्रामीणों का एक वर्ग ही शामिल था। पता चला है कि सुबह ग्रामीणों और स्थानीय लोगों का एक वर्ग इसी तरह खदान में घुस गया था। जमीन धंसने से एक युवक की कुचलकर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मौके पर मौजूद बाकी ग्रामीण भी भाग गए। स्थानीय लोगों के एक वर्ग को डर है कि कोयला खदान के अंदर कई और लोग फंसे हो सकते हैं।

हालांकि, पुलिस ने इस आशंका को खारिज कर दिया है और दावा किया है कि केवल सौरभ गोस्वामी नामक युवक का शव ही बरामद हुआ है। शव बरामद करने के बाद, पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पता चला है कि युवक का घर पास के ही दोमोहानी गांव में है।

## द हेरिटेज एकेडमी में 'एडी-अड्डा 9' में झलकी रचनात्मकता, रणनीतिक कौशल और इंटर-कॉलेजिएट उत्कृष्टता की चमक

**कोलकाता, समाज्ञा :** द हेरिटेज एकेडमी के मीडिया साइंस विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक संचार एवं ब्रांड रणनीति उत्सव 'एडी-अड्डा' का नौवां संस्करण शनिवार

को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। दो दिवसीय इस महोत्सव में क्षेत्रभर के 22 प्रमुख कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत 7 नवंबर को विज्ञापन जगत के दिग्गज स्व. पद्मश्री पियूष पांडे को श्रद्धांजलि देकर हुई। उद्घाटन सत्र में रेडिफ्यूजन के पूर्व सीओओ अमिताभ सिन्हा और 'ई समय' के पूर्व कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य क्रिएटिव ऑफिसर शोमिक कुमार मुखर्जी ने विद्यार्थियों को बदलते विज्ञापन परिदृश्य, उपभोक्ता मनोविज्ञान और नैतिक ब्रांडिंग पर प्रेरक विचार साझा किए।

उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने ब्रांड पिच चैलेंज, क्रिएटिव एडवर्टाइजिंग




केस बिल्ड, स्टोरीबोर्ड डिजाइन प्रतियोगिता, फैशन शो और अन्य मीडिया गेम्स में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एबीपी समूह के सीए-चआरओ सुमन बनर्जी ने छात्रों को मीडिया उद्योग में करियर अवसरों पर मार्गदर्शन दिया।

मीडिया साइंस विभाग की डीन प्रो. मधुपा बक्शी ने कहा कि एडी-अड्डा छात्रों को प्रयोग, सहयोग और सृजन का मंच प्रदान करता है। वहीं, प्रदीप अग्रवाल, सीईओ, हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने कहा, यह आयोजन कक्षा से परे सीखने की भावना को दर्शाता है। समापन समारोह में विजेत-ाओं को सम्मानित किया गया। एडी-अड्डा 9 ने यह सिद्ध किया कि यह मंच रचनात्मक सोच, जिम्मेदार संचार और नेतृत्व कौशल को विकसित करने का केंद्र बन चुका है।

## हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के पूर्व छात्र को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के पूर्व छात्र जॉयदीप पाल द्वारा स्थापित उपभोक्ता सेवा उद्यम फूडइनजॉय को यूनाइटेड किंगडम में आयोजित ग्लोबल 100 अवॉर्ड्स 2026 में कंज्यूमर सर्विसेज बिजनेस ऑफ द ईयर 2026 के प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान उन संगठनों को दिया जाता है जो नव-ाचार, उत्कृष्टता और सतत विकास के साथ बाजार में प्रभावशाली भूमिका निभाते हैं। फूडइनजॉय की शुरुआत कॉलेज के दिनों में एक छोटे से विचार के रूप में हुई थी, जो आज वैश्विक स्तर पर ग्राहक अनुभव और सेवा गुणवत्ता के लिए सराहा जाने वाला ब्रांड बन चुका है। भरोसे, स्वच्छता और व्यक्तिगत देखभाल पर आधारित इस कंपनी ने विश्वभर में घर-परिवारों और समुदायों तक



अपनी सेवाएं पहुंचाई हैं। संस्थापक और सीईओ जॉयदीप पाल ने कहा कि यह सम्मान केवल उनकी टीम का नहीं बल्कि उन सभी का है जिन्होंने उनके सपने पर विश्वास किया। उन्होंने हेरिटेज को अपनी सोच और नवाचार की नींव बताया। वहीं, हेरिटेज इंस्टीट्यूट के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने इस उपलब्धि को संस्थान के मूल्यों - ईमानदारी, रचनात्मकता और सार्थक समाधान निर्माण - का सशक्त उदाहरण बताया।

## हावड़ा मंडल ने मनाया 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने का गौरवपूर्ण उत्सव

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने देशभक्ति के प्रतीक गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन संस्कृति मंत्रालय द्वारा देशभर में आयोजित राष्ट्रव्यापी उत्सव का हिस्सा था, जिसका मुख्य कार्यक्रम 7 नवंबर को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री की उपस्थिति में राष्ट्रगीत का सामूहिक गान किया गया और उसके पश्चात प्रधानमंत्री ने संबोधन दिया। हावड़ा मंडल के डीआरएम सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने पाकुड़ स्टेशन से वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लिया और सामूहिक गायन में सम्मिलित हुए।



वहीं, हावड़ा स्थित नए डीआरएम भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में भी अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंडल के वाणिज्य विभाग ने हावड़ा डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर भी 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन का सफल समन्वय किया, जिसमें कर्मचारियों और यात्रियों दोनों ने भागीदारी की। हावड़ा मंडल में यह समारोह देशभक्ति, एकता और सांस्कृतिक गौरव का जीवंत उदाहरण बना, जिसने 'वंदे मातरम' के 150 गौरवशाली वर्षों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

## वर्ल्ड डायबिटीज़ डे पर संदेश: रोज़ाना एक मुट्ठी कैलिफ़ोर्निया बादाम से रखें ब्लड शुगर नियंत्रित

**कोलकाता :** हर साल 14 नवंबर को मनाया जाने वाला वर्ल्ड डायबिटीज़ डे इस बार डायबिटीज़ इन द वर्कप्लेस थीम के साथ कामकाजी लोगों में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है। विशेषज्ञों का कहना है कि संतुलित आहार ब्लड शुगर नियंत्रण की कुंजी है और दिन की शुरुआत पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों जैसे कैलिफ़ोर्निया बादाम से करने से सकारात्मक असर पड़ता है। डॉ. अनूप मिश्रा, चेयरमैन, फोर्टिस सी-डॉक सेंटर, नई दिल्ली, के हालिया अध्ययन में पाया गया कि भोजन से पहले बादाम का सेवन प्री-डायबिटीज़ और मोटापे से ग्रस्त एशियाई भारतीयों में ब्लड शुगर नियंत्रण को उल्लेखनीय रूप से बेहतर बनाता है। बादाम में 15 आवश्यक पोषक तत्व - जैसे प्रोटीन, अनसैचुरेटेड फैट्स और फाइबर - पाए जाते हैं, जो ग्लूकोज़ नियंत्रण और मेटाबॉलिक हेल्थ में सहायक हैं। पोषण विशेषज्ञ शीला कृष्णस्वामी ने कहा, असंतुलित खानपान और निष्क्रिय जीवनशैली डायबिटीज़ के मुख्य कारण हैं। रोज़ाना के आहार में बादाम, सब्ज़ियाँ और फलों को शामिल करने से ब्लड शुगर बेहतर रहता है। मैक्स हेल्थकेयर की रीजनल हेड - डाइटेटिक्स ऋतिका समद्दार के अनुसार, कैलिफ़ोर्निया बादाम ब्लड शुगर में अचानक बढ़ोतरी को रोकते हैं और फास्टिंग इंसुलिन स्तर में सुधार करते हैं। अभिनेत्री सोहा अली खान ने कहा, बादाम मुझे पूरे दिन ऊर्जावान रखते हैं, जबकि आयुर्वेद विशेषज्ञ मधुमिता कृष्णन ने इसे शरीर और मन के संतुलन के लिए श्रेष्ठ आहार बताया।

## सियालदह मंडल ने 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर सामूहिक गायन और श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 नवंबर को नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्षभर चलने वाले समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया, जो इस कालजयी रचना को राष्ट्र की एकता और गर्व का प्रतीक रूप में सम्मानित करता है। इस अवसर पर देशभर में राष्ट्रगीत के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन किया गया, जिसमें जनसामान्य ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसी क्रम में पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने मंथन ऑडिटोरियम, सियालदह में सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित



किया, जिसका नेतृत्व डीआरएम राजीव सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, सेंट जॉन एम्बुलेंस, सिविल डिफेंस आदि के सदस्यों ने भाग लिया। साथ ही, नैहाटी, जो ऋषि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का जन्मस्थान है, में भी सामूहिक गायन और पुष्पांजलि अर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह का समापन एक रूट मार्च और साहित्य सम्राट ऋषि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को भावपूर्ण श्रद्धांजलि के साथ हुआ।

### मोबाइल पैलेट रैकिंग सिस्टम के लिए गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के स्टोरेज सॉल्यूशंस बिज़नेस को सीई सर्टिफिकेशन

**कोलकाता :** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के स्टोरेज सॉल्यूशंस बिज़नेस को अपनी स्वदेशी रूप से विकसित मोबाइल पैलेट रैकिंग (एमपीआर) सिस्टम के लिए टीयूवी नॉर्ड से प्रतिष्ठित कॉन्फ़ॉर्मिटे यूरोपियन (सीई) सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है। यह मान्यता सिस्टम के कड़े यूरोपीय सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों के अनुप-ालन को सुनिश्चित करती है, और वैश्विक स्तर पर बेंचमार्क इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस प्रदान करने की भारत की बढ़ती क्षमता को उजागर करती है। विकास चौधरी, बिज़नेस हेड, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के स्टोरेज सॉल्यूशंस, ने कहा, 'यह सर्टिफिकेशन नवाचार, गुणवत्ता और आत्मनिर्भरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। भारत में एक विश्व-स्तरीय समाधान को इंजीनियरिंग करके, जो कड़े अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करता है, हम भारतीय उद्योगों को अपने परिचालन को अनुकूलित करने और भारतीय विनिर्माण की बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रदर्शित करने में सक्षम बना रहे हैं।

### टॉलीगंज महिला मंडल द्वारा दिवाली स्नेह मिलन का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** टॉलीगंज श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ महिला मंडल के तत्वाधान में दिवाली स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत वक्तव्य के साथ हुआ, जिसमें मंडल की अध्यक्षा रेखा कोठारी ने कहा कि -हमें अपनी संस्कृति और जड़ों को मजबूत रखते हुए, समय के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की युवती मंडल प्रभारी सोनम बागरेचा, पूर्व अध्यक्षा अनिता सिंघी, एवं निवर्तमान अध्यक्षा स्नेहलता पुगलिया विशेष रूप से उपस्थित रहीं। सभी बहनें पारंपरिक राजस्थानी परिधान में अत्यंत सुंदर लग रही थीं। राजस्थानी नृत्य, अंताक्षरी, हाउजी एवं रैंप वॉक जैसे मनोरंजक कार्यक्रमों ने समा बाँध दिया और सभी ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम के संयोजक रहे - सोनम बागरेचा, प्रीति डागा और निधि जैन। संचालन का दायित्व सफलतापूर्वक निभाया सपना बैद और कनक छाजेड़ ने। कार्यक्रम के प्रचार प्रसार का डिजिटल प्रबंधन टॉलीगंज महिला मंडल की प्रचार-प्रसार मंत्री मीनाक्षी छाजेड़ ने कुशलता पूर्वक किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन मंत्री सरिता भंसाली द्वारा किया गया।

## हावड़ा मंडल में व्यापक जोनल सेफ्टी ऑडिट और समन्वय सम्मेलन का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल में 6 नवंबर को एक व्यापक जोनल सेफ्टी ऑडिट आयोजित किया गया, जिसके बाद मुख्यालय एवं मंडल अधिकारियों की संयुक्त समन्वय बैठक संपन्न हुई। इस ऑडिट का नेतृत्व प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी ऑफिसर ने किया, जिसमें मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी - चीफ ट्रैक इंजीनियर, चीफ रोलिंग स्टॉक इंजीनियर, चीफ पैसेंजर ट्रैफिक मैनेजर, चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर और चीफ सिग्नल इंजीनियर-2 उप-स्थित थे। इसके साथ ही, अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक (ऑपरेशंस), हावड़ा एवं अन्य मंडल अधिकारी व कर्मचारी भी शामिल हुए। ऑडिट की शुरुआत टिकियापाड़ा कोचिंग डिपो से हुई, जहां सुरक्षा और रखरखाव से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही, मंडल के विभिन्न स्टेशनों और स्थलों पर वरिष्ठ



अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किए गए, ताकि सुरक्षा मानकों के अनुपालन का आकलन किया जा सके। इस ऑडिट का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा मानकों और परिचालन प्रोटोकॉल के कठोर अनुपालन को सुनिश्चित करना था। निरीक्षण दल ने हावड़ा मंडल में अपनाई जा रही सुरक्षा संस्कृति, रखरखाव व्यवस्था और स्वच्छता की सराहना की तथा सतत निगरानी, नियमित प्रशिक्षण और सुरक्षा दिशानिर्देशों के पालन पर बल दिया। ऑडिट के उपरांत नए डीआरएम भवन, हावड़ा के कॉन्फ्रेंस हॉल में संयुक्त समन्वय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा ने कहा, सुरक्षा हावड़ा मंडल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे निरीक्षण और ऑडिट सुरक्षा के स्तर को और सुदृढ़ बनाते हैं तथा यात्रियों और माल ग्राहकों को विश्वसनीय सेवाएं प्रदान करने में सहायक हैं।

## पुरुलिया में विचाराधीन कैदी की मौत

**पुरुलिया :** पुरुलिया में हत्या के आरोपित एक विचाराधीन कैदी की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि उसकी मौत शारीरिक बीमारी के कारण हुई। हालांकि, मृतक के परिवार ने आरोप लगाया है कि उसकी पीट-पीटकर हत्या की गई है। परिवार ने घटना की जांच की मांग की है। मृतक का नाम विक्रम आदित्य (37) है। वह झारखंड के टाटा-सोनारी इलाके का रहने वाला था। उसे 2019 में एक हत्या के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वह पुरुलिया जेल सुधार गृह में विचाराधीन कैदी था। शुक्रवार रात विक्रम की हालत बिगड़ गई। उसे पुरुलिया मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान विक्रम की मौत हो गई। परिवार को सूचना दी गई। मृतक की पत्नी और परिवार वाले उसकी बिगड़ती शारीरिक स्थिति से सहमत



नहीं थे। उनका दावा है कि आदित्य की पीट-पीटकर हत्या की गई है। मृतक की पत्नी भावना आदित्य ने शनिवार को कहा कि पहले तो हमें किसी ने कुछ नहीं बताया। सब कहते हैं कि रात में कुछ खाने के बाद उसकी तबीयत खराब हो गई। इसी वजह से उसकी मौत हो गई। मुझे यकीन नहीं हो रहा। मुझे शक है कि उन्होंने मेरे पति की हत्या की है। मृतक के दामाद अरुण कुमार सिंह ने कहा कि उनकी हत्या की गई है। मैं इस घटना की जांच चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि जिन लोगों ने ऐसा किया है उन्हें कड़ी सजा मिले।

## श्रीकृष्ण का स्वरूप सच्चिदानंद है : भाईश्री रमेश भाई ओझा

### भव रोग की चिकित्सा हैं श्रीमद्भागवत कथा



**कोलकाता, समाज्ञा :** राधारमण - राधारमण, भज मन श्रीराधे ...भक्तिमय वातावरण में परम श्रद्धेय भाईश्री रमेश भाई ओझा ने श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल द्वारा बड़ा पार्क, काकुड़गाछी में श्रीमद् भागवत कथा में कहा श्रीकृष्ण का स्वरूप सच्चिदानंद है, जो सत्य, ज्ञान और आनंद का प्रतीक है। सच्चिदानंद चेतना और आनंद की परम वास्तविकता को दर्शाता है। इसका अर्थ है सत्य, परम सत्ता, जो स्थायी और अपरिवर्तनीय है। सच्चिदानंद अवस्था में व्यक्ति चेतना के परम सत्य को समझ लेता है और शुद्ध आनंद की अवस्था को प्राप्त करता है।

भाईश्री ने श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने के महत्व पर कहा शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाई। कथा के प्रभाव से राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई। भव रोग की चिकित्सा है श्रीमद्भागवत कथा। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से श्रद्धालु भक्त को सच्चिदानंद का अनुभव होता है। धर्मानुरागी, समाजसेवी अशोक - अम्बिका बाजोरिया परिवार, बनव-ारीलाल सोती, नरेन्द्र, सुरेन्द्र अग्रवाल, पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, गोपाल दम्मानी, सुभाष मुरारका, महेश भुवालका, बल्लभ शंकर दवे, गिरधारीलाल मस्करा, हेमचन्द अग्रवाल, सुरेश बेरीवाल, दीपक बंका, मनोज पराशर, पवन फतेहपुरिया, आलोक जयसवाल एवम् पोथी यजमानों ने सपरिवार व्यास पीठ का पूजन किया तथा सामूहिक आरती में शामिल हुए।

## गोदरेज एंटरप्राइजेज के सिक्योरिटी सॉल्यूशन्स बिज़नेस में 20% की तेज़ वृद्धि

**कोलकाता :** गोदरेज एंटरप्रा-इजेज ग्रुप का सिक्योरिटी सॉल्यूशन्स बिज़नेस तेज़ रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। टियर-2 और टियर-3 शहरों से बढ़ती मांग के चलते इस व्यवसाय में दहाई अंक की मज़बूत वृद्धि दर्ज हुई है। मौजूदा त्योहारों के मौसम ने इस गति को और भी बल दिया है, क्योंकि उपभोक्ता खर्च में बढ़ोतरी और घरेलू सुरक्षा उत्पादों की मांग में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। चाहे डिजिटल चैनल हों या ऑफलाइन स्टोर, ये उभरते शहर अब व्यवसाय के कुल राजस्व का लगभग 30% हिस्सा बन चुके हैं, जो महानगरों से परे उपभोक्ता मांग में निर्णायक बदलाव का संकेत है। वर्तमान में यह बिज़नेस साल-दर-साल 20% की दर से बढ़ रहा है और 4,500 से अधिक टचपॉइंट वाले अपने रिटेल व सर्विस नेटवर्क, मज़बूत डिजिटल उपस्थिति, और प्रमाणित सेफ, लॉकर एवं कनेक्टेड सर्विलांस सॉल्यूशन्स के ज़रिए तेजी से आधुनिक होते भारतीय घरों की आकांक्षाओं को पूरा कर रहा है। पुष्कर गोखले, बिजनेस हेड, सिक्योरिटी सॉल्यूशंस, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के अनुसार, उभरते हुए टियर 2 शहर केवल पीछे नहीं चल रहे हैं, बल्कि वे आगे बढ़ कर नई दिशा दिखा रहे हैं। नए घर मालिकों से लेकर ज्वैलर्स और संस्थानों तक, इन बाजारों में ग्राहक ऐसे समाधानों की मांग कर रहे हैं, जो सुरक्षित, कंप्लायंट और आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप हों।

## सियालदह मंडल में 'सतर्कता जागरूकता संगोष्ठी' का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत 7 नवंबर को एक सतर्कता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईआरएसइ बृजेश कुमार त्रिपाठी, मुख्य सतर्कता अधिकारी, कोल इंडिया लिमिटेड, कोलकाता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने निवारक सतर्कता, पारदर्शिता और प्रणालीगत सुधार के महत्व पर बल देते हुए कहा कि स्वच्छ, प्रभावी और जवाबदेह सार्वजनिक सेवा सुनिश्चित करने के लिए सभी स्तरों पर सतर्कता आवश्यक है। संगोष्ठी की अध्यक्षता सियालदह के डीआरएम राजीव सक्सेना ने की। उन्होंने मंडल में ईमानदारी को बढ़ावा देने, नैतिक कार्यशैली को प्रोत्साहित करने और सभी विभागों में सतर्कता तंत्र को




सशक्त बनाने हेतु चल रही पहलों पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सतर्कता मूल्यों को सुदृढ़ करना, आंतरिक प्रणालियों को मजबूत बनाना और सामूहिक जिम्मेदारी के माध्यम से भ्रष्टाचार-मुक्त, पारदर्शी कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का समापन अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा निष्ठा प्रतिज्ञा ग्रहण के साथ हुआ, जिसमें ईमानदारी, निष्पक्षता और नैतिक आचरण बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर आलोक सिंह (वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक), कुंदन कुमार सहाय (वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# गार्डेनरीच में वृद्धा के चेहरे पर रासायनिक स्प्रे कर आभूषण व नकद की लूट

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के गार्डेनरीच अंचल के मटियाब्रुज थाना इलाके में बदमाशों ने रासायनिक स्प्रे का इस्तेमाल कर दुस्साहसिक लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उक्त घटना से लोगों में जहां गुस्सा है वहीं लोग पुलिस के कथित गश्त व व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि उक्त घटना शनिवार के तड़के मटियाब्रुज थाना इलाके पहाड़पुर रोड स्थित फतेहपुर के एक तीन मंजिला मकान की है। जहां तड़के बदमाशों ने सेंध लगाई। इसके



बाद, उन्होंने एक बुजुर्ग आरती चटर्जी (75) के चेहरे पर रासायनिक स्प्रे मार दिया जिससे उक्त बुजुर्ग महिला घंटों बेहोश रही। बदमाशों ने फतेहपुर के उक्त मकान से सोने-चांदी के जेवर और 80 हजार रुपए की नकदी लूट ली। भुक्तभोगी परिवार के लोगों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस मकान के सामने वाली दुकान और सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर रही है। भुक्तभोगी बुजुर्ग महिला आरती चटर्जी व उक्त परिवार के एस सदस्य कौशिक चटर्जी ने बताया कि स्प्रे के कारण आरती चटर्जी अर्ध्य चेतन अवस्था में आवाज सुनने के बाद भी वह उठ नहीं पाईं। उनका शरीर भारी लग रहा था। खबर लिखे जाने तक पुलिस अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। स्थानीय लोगों व पुलिस सूत्रों के अनुसार, फतेहपुर के पहाड़पुर रोड इलाके में सड़क के ठीक सामने एक तीन मंजिला मकान है। उस मकान में दो वृद्ध महिलाएं रहती हैं। बदमाशों ने वृद्धा अशोका चटर्जी के घर को अपना शिकार बनाया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, वृद्धा भाई फोंटा के लिए एक रिश्तेदार के घर गई थीं। वह वहीं रुकी थीं। इस बीच, उनकी रिश्तेदार आरती चटर्जी फतेहपुर पहाड़पुर रोड स्थित उस मकान में रह रही थीं। अन्य दिनों की तरह आरती रात में एक निश्चित समय पर पहली मंजिल पर अपने कमरे में सो गई थीं। आरोप है कि बदमाशों ने रात में घर पर धावा बोला। वृद्धा के कमरे में कुछ रसायनों का छिड़काव किया गया था। ऐसा माना जाता है कि इससे वह बेहोश हो गई थीं। इस बीच, आरोप है कि दूसरी मंजिल पर वृद्ध महिला अशोका के कमरे में घुसकर लूटपाट की गई। इस घटना से वृद्ध महिला और उसके परिजनों में दहशत फैल गई है। घटना के प्रकाश में आने के बाद से इलाका में हड़कंप मच गया है।

# बैंक ने साइबर धोखाधड़ी के जरिए तृणमूल सांसद से ठगे गए पैसे का मुआवजा दिया

**हुगली, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी के एक राष्ट्रीयकृत बैंक में निष्क्रिय खाते से इस सप्ताह की शुरुआत में धोखेबाजों द्वारा कथित तौर पर निकाली गई धनराशि को बैंक अधिकारियों द्वारा उनके खाते में वापस जमा करा दिया है। सांसद ने यह जानकारी दी। अपराध की जांच कर रही पुलिस के अनुसार, धोखेबाज अब भी फरार हैं। कल्याण बनर्जी ने दावा किया था कि विधायक के रूप में उनके पिछले कार्यकाल से जुड़े उनके निष्क्रिय बैंक खाते से 57 लाख रुपये निकाल लिए गए हैं। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि बैंक अधिकारियों द्वारा कोलकाता पुलिस के साइबर अपराध अनुभाग में औपचारिक शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अभी किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। कल्याण बनर्जी ने कहा कि यह बेहद चौंकाने वाला है। यह खाता तब खोला गया था जब मैं आसनसोल दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से विधायक था और श्रीरामपुर संसदीय क्षेत्र से मेरे सांसद बनने के बाद कई साल तक यह निष्क्रिय रहा। उन्होंने दावा किया कि मेरी तस्वीर लगाकर और फर्जी आधार एवं पैन कार्ड का इस्तेमाल करके आपराधिक गतिविधि को अंजाम दिया गया। कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि अपराध को अंजाम देने वालों ने खाते में एक फोन नंबर भी जोड़ा तथा सारे ओटीपी और लेन-देन की जानकारी उनके पास पहुंच गई। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि अपराधियों ने मेरे खाते से 57 लाख रुपये निकाल लिए। अगर एक सांसद के साथ ऐसा हो सकता है, तो आम आदमी की क्या हालत होगी? इन लोगों को कैसे पता चला कि मेरे खाते में इतनी बड़ी रकम थी? उन्होंने कहा कि बैंक अधिकारियों ने अब मेरे खाते में राशि जमा कर दी है लेकिन मेरी चिंता यह है कि अपराधी अभी तक पकड़े नहीं गए हैं। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जांच जारी है तथा पुलिस लेन-देन और अन्य सभी विवरणों की जांच कर रही है।

## तेज रफ्तार और बिना हेलमेट की बाइक रेस बनी जानलेवा, दो किशोरों की मौत


**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के उलुबेड़िया-आमता राज्य राजमार्ग पर शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार बाइक रेस के दौरान दो किशोरों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान दूधकुमार मल्लिक और तुषार राय के रूप में हुई है, दोनों की उम्र लगभग 17 वर्ष थी। बताया जा रहा है कि दोनों बिना हेलमेट के बाइक चला रहे थे। पुलिस के अनुसार, रात करीब साढ़े ग्यारह बजे तीन बाइकों पर छह युवक रेस कर रहे थे। इस दौरान एक बाइक की तेज रफ्तार लॉरी से जोरदार टक्कर हो गई, जिससे बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने दोनों को गंभीर हालत में उलुबेड़िया शरतचंद्र चट्टोपाध्याय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार लॉरी चालक की तलाश की जा रही है।

## खेलते समय तालाब में डूबने से 7 साल के बच्चे की मौत, परिवार में मातम

**मुर्शिदाबाद :** घर के पास ही बने तालाब में खेलते-खेलते एक दर्दनाक हादसा हो गया। कुछ घंटों की तलाश के बाद 7 साल के बच्चे का शव बरामद किया गया। घटना मुर्शिदाबाद जिले के कांदी नगर पालिका के 12 नंबर वार्ड की है।

जानकारी के अनुसार, कांदी नगरपालिका के 8 नंबर वार्ड के निवासी याकूब शेख (7) शुक्रवार को खेलते-खेलते गलती से 12 नंबर वार्ड के तिली तालाब में गिर गया और डूब गया। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला। इसके बाद गोताखोरों को बुलाया गया और जाल डालकर तलाशी शुरू की गई।

घटना की खबर मिलते ही कांदी थाने के आईसी मृणाल सिन्हा, कांदी के विधायक अपूर्व सरकार, नगरपालिका चेयरमैन जयदेव घटक



और पार्षद पार्थ प्रतिम सरकार मौके पर पहुंचे। प्रशासन की मदद से बच्चे को तालाब से निकालकर कांदी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, तालाब में गहराई अधिक थी और खेलते समय याकूब का पैर फिसल गया। परिवार और ग्रामीणों को घटना का अंदाज़ा भी नहीं था। बच्चे की मौत की खबर फैलते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## रोज़ की तरह कबूतर उड़ाने गया किशोर, छत से गिरकर दर्दनाक मौत

❑ **रायदीघी में घटना से शोक की लहर**

**कोलकाता :** पालतू कबूतर उड़ाने के शौक में एक स्कूल छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। मृत छात्र का नाम रणदीप कयाल (15) बताया गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की छाया छा गई है।

जानकारी के अनुसार, रणदीप को बचपन से ही कबूतर पालने और उड़ाने का शौक था। वह अपने घर की छत पर रोज़ कबूतर उड़ाता था। शनिवार की सुबह भी वह छत पर कबूतर उड़ाने गया था, तभी अचानक वह संतुलन खो बैठा और नीचे गिर गया। परिजन और पड़ोसी तुरंत उसे रायदीघी ग्रामीण अस्पताल लेकर गए, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



घटना की सूचना मिलते ही रायदीघी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए डायमंड हार्बर पुलिस मॉर्ग भेज दिया। पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक रणदीप कयाल कुमरापाड़ा क्षेत्र के पांचपुखुर मुंडा पाड़ा इलाके का निवासी था। वह स्थानीय देल-ोआर हुसैन स्कूल में नवम कक्षा का छात्र था। परिवारवालों ने बताया कि रणदीप बहुत ही मेधावी और शांत स्वभाव का लड़का था। उसकी मौत की खबर सुनते ही स्कूल के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के बीच शोक की लहर दौड़ गई।

परिजनों के अनुसार, रणदीप कबूतरों को बहुत प्यार करता था और विभिन्न बाज़ारों से अलग-अलग नस्ल के कबूतर खरीदकर उनका संग्रह करता था। हर शाम वह अपने कबूतर उड़ाया करता था। अनुमान लगाया जा रहा है कि शनिवार सुबह कबूतर उतारने की कोशिश करते समय वह फिसलकर छत से नीचे गिर गया।

घटना से पूरे इलाके में गम और सदमे का माहौल है। पुलिस ने परिवार से पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## बांकड़ा में लेजर कपड़ा कटिंग फैक्ट्री में भीषण आग

### मौंके पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियां

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बांकड़ा बादामतला क्षेत्र में स्थित एक लेजर कपड़ा कटिंग फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। यह हादसा सुबह लगभग साढ़े पांच से छह बजे के बीच हुआ, जब इलाके के अधिकांश लोग अब तक जागे भी नहीं थे। घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में आग लगने से हड़कंप मच गया और लोग दहशत में अपने घरों से बाहर निकल आए। जानकारी के मुताबिक, बहुमंजिला इमारत की पहली मंजिल पर बनी इस फैक्ट्री में आग लगते ही धुआं पूरे इलाके में फैल गया। स्थानीय लोगों ने पानी और अग्निशमन उपकरणों से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें तेजी से फैलती गईं। तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी गई। कुछ ही देर में तीन दमकल इंजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारी आग लगते ही बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। माना जा रहा है कि लेजर मशीन से चिंगारी निकलने के कारण आग लगी होगी। फैक्ट्री में रखे कपड़े और मशीनें जलकर राख हो गईं। नुकसान का अनुमान अभी नहीं लगाया जा सका है। इस घटना से इलाके में डर और अफरातफरी का माहौल है।

## हेरिटेज बिजनेस स्कूल में सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज बिजनेस स्कूल (एचबीएस) ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट: विभिन्न दृष्टिकोणों से विचार 2.0 विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन 7 और 8 नवंबर को हेरिटेज परिसर में किया। इस सम्मेलन में देशभर के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और विचारकों ने भाग लिया तथा सतत विकास से जुड़ी ज्वलंत चुनौतियों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रोफेसर अनुप कुमार सिन्हा, मुख्य मार्गदर्शक, हेरिटेज बिजनेस स्कूल एवं कार्यकारी निदेशक, बंधन बैंक ने की। उनके नेतृत्व और शैक्षणिक मार्गदर्शन ने पूरे आयोजन को बौद्धिक गहराई और दिशा प्रदान की। कार्यक्रम में आईआईएम, आईआईआईटी, जेएनयू, प्रेसिडेंसी यूनिवर्सिटी सहित देश के अन्य अग्रणी संस्थानों के ख्यातिप्राप्त वक्ताओं ने हिस्सा लिया। विशेषज्ञों ने सस्टेनेबिलिटी को न केवल एक वैश्विक, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी अत्यंत प्रासंगिक विषय बताया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रो. अनुप कुमार सिन्हा ने कहा कि सस्टेनेबिलिटी केवल एक अकादमिक विषय नहीं है, बल्कि यह एक जीवंत वास्तविकता है, जो विचारशील नीतिगत कार्रवाई, सामुदायिक सहभागिता



और साझा जिम्मेदारी की मांग करती है। इस सम्मेलन ने विविध दृष्टिकोणों को एक मंच पर लाकर सार्थक चिंतन और दिशा प्रदान की है।

द हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि हेरिटेज बिजनेस स्कूल अनुसंधान-आधारित संवाद को प्रोत्साहित करने और ऐसे मंचों के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है, जहां विद्वान और पेशेवर विशेषज्ञ मिलकर विकास के भविष्य को आकार दे सकें। यह सम्मेलन एचबीएस के शिक्षकों और छात्र समितियों के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसने संस्थान में भागीदारी, नेतृत्व और सहयोगात्मक अधिगम की संस्कृति को और मजबूत किया।

## मुर्शिदाबाद के खड़ग्राम में दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर, ड्राइवर और खलासी की मौत

**मुर्शिदाबाद :** जिले के खड़ग्राम में शनिवार तड़के भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक ट्रक का चालक और खलासी शामिल हैं। यह हादसा सुबह करीब पांच बजे खड़ग्राम बस स्टैंड के पास हुआ।

जानकारी के अनुसार, खड़ग्राम से नगर की ओर जा रहा एक चीनी से लदा ट्रक और सामने से आ रहा आलू से भरा ट्रक तेज रफ्तार के कारण आमने-सामने भिड़ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आलू से लदा ट्रक सड़क किनारे एक दुकान में जा घुसा। हादसे में उसी ट्रक के चालक और खलासी की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए कांदी महकमा अस्पताल भेज दिया है। मृतकों की पहचान जमीर शेख (34) और शमिम शेख (22) के रूप में हुई है, जो शमशेरगंज के जालेदिपुर गांव के निवासी थे।

पुलिस ने चीनी से लदे ट्रक को जब्त कर लिया है, हालांकि उस ट्रक का चालक और खलासी फरार बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि महज 24 घंटे पहले इसी थाना क्षेत्र के नगर के पास एक और मालवाहक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। लगातार दो दिनों में दो बड़ी दुर्घटनाओं से इलाके में दहशत फैल गई है।

घटना के बाद कई घंटों तक सड़क पर यातायात ठप रहा। बाद में खड़ग्राम थाना पुलिस ने पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और आवागमन सामान्य कराया।

## खुद के परिवार का नाम मतदाता सूची से गायब, फिर भी घर-घर जाकर एसआईआर फॉर्म बांट रही हैं बीएलओ

**हुगली, समाज्ञा :** जिले में एसआईआर प्रक्रिया के तहत जब बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म वितरित कर रही हैं, तभी एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। चूंचुड़ा के 196 नंबर बूथ की बीएलओ अमिता विश्वास के अपने ही परिवार के सदस्यों के नाम 2002 की मतदाता सूची में नहीं हैं। इस बात को लेकर इलाके में राजनीतिक तनातनी शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार, अमिता विश्वास के ससुर शमरेन्द्र विश्वास (86), सास, देवर, जेठानी और पति किसी का भी नाम 2002 की मतदाता सूची में नहीं है, जबकि वे पिछले पचास वर्षों से केओटा के निवासी हैं। अमिता ने कहा, मेरे ससुर पचास साल से यहां रह रहे हैं, घर भी बहुत पुराना है। नाम सूची में नहीं है, लेकिन हमारे पास अन्य दस्तावेज हैं जिन्हें हम दिखा सकते हैं। कई लोगों के पास तो कोई



कागज नहीं है। मेरा खुद का 2002 की सूची में नाम नहीं क्योंकि तब मेरी उम्र नहीं हुई थी, पर मेरे माता-पिता का था। मेरा नाम अब हो जाएगा, पर ससुराल पक्ष का क्या होगा, देखा जाएगा। अमिता के पति शुभेंदु विश्वास ने कहा, हमने 2002 से पहले और बाद में वोट दिया, फिर भी 2002 की सूची में नाम नहीं है। जिनके पास कागज हैं, उनके लिए कोई दिक्कत नहीं, लेकिन जिनके नहीं हैं, उनके लिए परेशानी बढ़ेगी। सवाल है कि सिर्फ 2002 को ही आधार क्यों माना जा रहा है, उससे पहले के रिकॉर्ड क्यों नहीं? मेरी पत्नी खुद बीएलओ है, पर हमारे परिवार का ही नाम सूची से गायब है। मेरे पिता सरकारी नौकरी में थे, इसलिए शायद हमें दिक्कत नहीं होगी, पर जिनके कागज़ खो गए हैं, उनके लिए नये दस्तावेज़ जुटाना मुश्किल होगा।

## स्कूटी का नियंत्रण खोकर डिवाइडर से टकराई! सॉल्टलेक हादसे में दो घायल

**कोलकाता :** सॉल्टलेक में शनिवार शाम एक भीषण सड़क हादसे में दो लोग घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, दोनों घायल सिटी सेंटर से स्कूटी पर सवार होकर विकास भवन की ओर जा रहे थे। उसी दौरान इंदिरा भवन के पास स्कूटी का नियंत्रण अचानक बिगड़ गया और वह डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि दोनों सवार स्कूटी से गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें बिधाननगर अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उनका इलाज जारी है। सूत्रों के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब स्कूटी चालक ने एक बस को ओवरटेक करने की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चालक संभवतः नशे की हालत में था, जिसके कारण वाहन का नियंत्रण खो गया।

## जीआरएसई ने 'स्वच्छता ही सेवा 2025' एवं 'स्पेशल कैंपेन 5.0' को सफलतापूर्वक संपन्न किया




**कोलकाता :** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चले एक माह के 'स्वच्छता ही सेवा एवं स्पेशल कैंपेन 5.0' का सफल समापन किया। यह अभियान भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अनुरूप स्वच्छता, जनजागरूकता और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने हेतु आयोजित किया गया था। अभियान के तहत पश्चिम बंगाल और झारखंड में 20 से अधिक स्थानों पर 40 से ज्यादा गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें 1,200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कोलकाता में आयोजित कार्यक्रमों में स्वच्छता शपथ, फ्यूमिगेशन ड्राइव, गंगा सफाई, वेस्ट टू आर्ट कार्यशाला और 3 किमी मिनी मैराथन प्रमुख आकर्षण रहे। झारखंड में ग्रामीण सफाई, पौधारोपण, स्वास्थ्य शिविर और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान ने जीआरएसई की स्वच्छ, हरित और स्वस्थ भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया।

## रिसड़ा रविंद्र भवन में 2025 भव्य सम्मान समारोह का आयोजन

❑ **रामनवमी, दुर्गा पूजा, मुहर्रम और छठ जगद्धात्री पूजा के आयोजकों को किया गया सम्मानित**

**हुगली, समाज्ञा :** रिसड़ा थाना के तरफ से थाना प्रभारी संजय सरकार की अध्यक्षता में 2025 सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर रामनवमी, दुर्गा पूजा, मुहर्रम और छठ पूजा और जगद्धात्री पूजा के आयोजकों को एक ही मंच से सम्मानित किया गया। मौके पर चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट अमित पी जवालगी, डीसीपी अर्णव विश्वास, श्रीरामपुर थाना प्रभारी सुखमय चक्रबर्ती, रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा, वाइस चेयरमैन जाहिद हसन खान समेत तमाम प्रशासनिक अधिकारी, पालिका पार्षद और पूजा कमेटी के आयोजक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य साल भर शहर में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के माध्यम से



सद्भाव, शांति और एकता बनाए रखने वाले पूजा समितियों को सम्मानित करना था। धर्म और उत्सव की नगरी रिसड़ा इस कार्यक्रम के जरिए उल्लास का माहौल बना रहा। सालभर जो शहर रामनवमी, मुहर्रम, दुर्गा पूजा, छठ पूजा और जगद्धात्री पूजा जैसे धार्मिक एवं सामाजिक उत्सवों में डूबा रहता है, आज उसी उत्सव परंपरा का समापन सम्मान और पुरस्कार समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के तहत रिसड़ा थाना की ओर से आयोजित इस समारोह में उन समितियों को सम्मानित किया गया, जिनके सहयोग से पूरे वर्ष शहर में शांति, सद्भाव और भाईचारे का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में लोकप्रिय गायक राघव चट्टोपाध्याय की सुरीली प्रस्तुति ने शाम को और भी यादगार बना दिया।

रामनवमी से जगद्धात्री तक रिसड़ा धर्म और संस्कृति की विविधता में एकता का संदेश देता है। जगद्धात्री पूजा 2025 में रवींद्र संघ तेतुल तला को सर्वश्रेष्ठ पूजा अवॉर्ड से नवाजा गया। इसके अलावा कोरस, जागृति, बांगुरपल्ली, चारबत्ती लेनिन मैदान, न्यू तरुण दल, तीन नंबर पल्लि और तरुण समिति समेत कई पूजा समितियों को भी सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम का संचालन थाना प्रभारी संजय सरकार के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर अमित पी. जवालगी, डीसीपी श्रीरामपुर अर्णब विश्वास, एसीपी शुभंकर सरकार, अली रेजा और जी. अर्विंद, सीआई रिसड़ा प्रवीर दत्ता, चेयरमैन विजय सागर मिश्र, वाइस चेयरमेन जाहिद हसन खान, पूर्व भारतीय फुटबॉल कप्तान शिशिर घोष सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस आयोजन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि रिसड़ा सिर्फ उत्सवों का शहर नहीं, बल्कि भाईचारे, सम्मान और एकता का प्रतीक है।

थाना प्रभारी संजय सरकार ने कहा कि आने वाले वर्ष में सभी पूजा समितियों से सहयोग लेकर उत्सवों को और अधिक शांतिपूर्ण एवं सुसंगठित रूप में मनाया जाएगा। चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने कहा कि रिसड़ा की पहचान 'मिनी भारत' के रूप में होती है, जहां सभी धर्मों के लोग एकता, भाईचारे और सद्भाव के साथ धार्मिक आयोजनों को मनाते हैं। उन्होंने कहा कि सभी आयोजनों में चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस का योगदान सराहनीय रहा, जिसकी वजह से महिलाओं ने रातभर निश्चिंत होकर पूजा का आनंद उठाया और कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। मिश्रा ने बताया कि पुलिस आयुक्त अमित पी. जवालगी ने स्वयं सभी त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष रिसड़ा में जगद्धात्री पूजा का

## पूर्वी कमान ने आयोजित किया 'चाइना स्टडी सेमिनार 2025

**कोलकाता :** समकालीन और उभरते सुरक्षा खतरों की समझ को मजबूत करने के प्रयास में मुख्यालय पूर्वी कमान ने विजय दुर्ग, कोलकाता में 'चाइना स्टडी सेमिनार' का आयोजन किया। यह सेमिनार भारत की रक्षा तत्परता को सुदृढ़ करने के प्रति पूर्वी कमान की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। सेमिनार में सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, रक्षा विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और थिंक टैंकों के प्रतिनिधियों ने पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा स्थिति तथा चीन-पाकिस्तान-बांग्लादेश की बढ़ती सामरिक सहभागिता से उत्पन्न खतरों पर चर्चा की।

कार्यक्रम में राजदूत गौतम बंबावाले, श्रीमती रीवा गांगुली दास, श्री दिलीप सिन्हा और श्री एम.



जयदेव रणाडे जैसे विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे और भारत की रक्षा क्षमता को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।समापन सत्र में पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल रामचंदर तिवारी, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, एसएम ने भारत की रणनीतिक तत्परता को और अधिक पैना करने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए पूर्वी कमान की प्रतिबद्धता दोहराई।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोटो और लॉरी की आमने-सामने टक्कर!

❑ **दर्दनाक हादसे में टोटो चालक की मौत, तीन यात्री घायल**

**कोलकाता :** शनिवार सुबह दक्षिण 24 परगना जिले के कुलपी थाना क्षेत्र के श्रीनगर 117 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक भीषण सड़क हादसे में टोटो चालक की मौत हो गई, जबकि तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, मृत चालक का नाम हरन मंडल (68) है, जो श्याम बसुरचक क्षेत्र का निवासी था। शनिवार की सुबह वह अपने टोटो में एक ही परिवार के चार सदस्यों को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग से जा रहा था। तभी सामने से आ रही एक तेज़ रफ्तार लॉरी ने नियंत्रण खोकर टोटो को सीधे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टोटो पूरी तरह से चकनाचूर हो गया। स्थानीय लोगों ने हादसा होते ही तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को कुलपी ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया। लेकिन डॉक्टरों ने टोटो चालक हरन मंडल को मृत घोषित कर दिया। बाकी तीन घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और हादसे में शामिल घातक लॉरी और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि तेज़ रफ्तार और लापरवाही इस भीषण हादसे की मुख्य वजह रही। घटना के बाद से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण रखा जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

## मृत सेक्स वर्कर के परिजनों से मिलने पहुंची तृणमूल प्रतिनिधिमंडल

**हुगली, समाज्ञा :** सेवड़ाफुली में सेक्स वर्कर की मौत का मामला अब तूल पकड़ते जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस ने इसे एसआईआर से जोड़ दिया है। तृणमूल ने आरोप लगाया है कि सेक्स वर्कर ने एसआईआर के भय से आत्महत्या की। जबकि, भाजपा ने इसे पारिवारिक विवाद का मामला बताया। सेवड़ाफुली के निषिद्ध इलाके में महिला की आत्महत्या के बाद तृणमूल नेताओं ने अब इस इलाके में राजनीतिक घेराबंदी शुरू कर दी है। शनिवार को इस घटना की जानकारी मिलने के बाद तृणमूल कांग्रेस की राज्य छात्र परिषद अध्यक्ष जया दत्त, चांपदानी के विधायक अरिंदम गुइन और बैद्यवाटी नगरपालिका के चेयरमैन पिंटू महातो सहित तृणमूल के अन्य नेता मौके पर पहुंचे। तृणमूल नेताओं ने स्थानीय लोगों से बात की और उन्हें



आश्वस्त किया कि किसी का नाम वोटर लिस्ट से नहीं काटा जाएगा। जया दत्त ने कहा, भाजपा की घृणित और भेदभाव की गंदी राजनीति के कारण इस तरह की घटनाएँ हो रही हैं। हमने लोगों को भरोसा दिलाया है कि ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी रहते हुए किसी का भी नाम वोटर लिस्ट से नहीं हटेगा। वहीं, चांपदानी विधायक अरिंदम गुइन ने भी स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनके साथ है और किसी को डरने की ज़रूरत नहीं है। एसआईआर (स्पेशल समरी रिविजन) के डर से हुगली जिले के सेवड़ाफुली के निषिद्ध क्षेत्र में एक महिला के आत्महत्या करने का आरोप लगाया गया है। मृतका का नाम बिथि दास बताया जा रहा है।

# 'नहीं चाहिए कट्टा सरकार, फिर एक बार राजग सरकार': प्रधानमंत्री मोदी



**बेतिया/सीतामढ़ी (बिहार) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि बिहार में लोग राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत विपक्ष को वोट नहीं दे रहे हैं क्योंकि उन्हें डर है कि अगर वे सत्ता में आ गए तो उनकी सरकार ''लोगों के सिर पर कट्टा रख देगी और उन्हें हाथ ऊपर करने का आदेश देगी''। प्रधानमंत्री ने राज्य के सीतामढ़ी जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बेहतर शिक्षा और खेल जैसे क्षेत्रों में विकास के अलावा स्टार्ट-अप उद्यमों को भी बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता स्पष्ट रूप से कह रही है- ''नहीं चाहिए कट्टा सरकार, फिर एक बार राजग सरकार।'' मोदी ने कहा, ''मैंने अपना प्रचार अभियान भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की धरती से शुरू किया था और अब उसका समापन चंपारण की ऐतिहासिक भूमि पर कर रहा हूं। हालांकि प्रचार कल तक जारी रहेगा, लेकिन यह मेरी अंतिम जनसभा है।'' उन्होंने कहा कि यह चुनाव नेताओं का नहीं, बल्कि बिहार की जनता का चुनाव है। उन्होंने कहा, ''मैं चाहता हूं कि राजग हर बूथ पर विजयी हो। एक भी बूथ पर हमें हार का सामना नहीं करना चाहिए।'' मोदी ने पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा, ''आप लोगों ने मतदान का नया इतिहास रचा है। बिहार ने साबित किया है कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता के हाथ में है।'' चंपारण की धरती को नमन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''यह वही भूमि है, जिसने गांधी जी को 'महात्मा' का दर्जा दिया था। इसी धरती पर आज बिहार विकास के नए अध्याय की शुरुआत कर रहा है।'' उन्होंने कहा, ''बिहार जल्द खाद्य प्रसंस्करण का 'पावरहाउस' और वस्त्र उद्योग (टेक्सटाइल हब) का केंद्र बनेगा। बिहार विकसित भारत का प्रतीक राज्य बनने जा रहा है।'' राज्य में पूर्ववर्ती राजद के शासनकाल को याद करते हुए मोदी ने कहा कि बेतिया ने 'जंगलराज' के सबसे बुरे दौर को देखा है। उन्होंने कहा, ''कट्टा और रंगदारी की राजनीति ने बिहार को बर्बाद कर दिया था। हमें उस दौर से बिहार को बचाना है।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''मैंने हाल में एक वीडियो देखा, जिसमें एक बच्चा राजद की रैली में कह रहा था कि वह बड़ा होकर 'रंगदार' बनना चाहता है। यह बिहार की युवा पीढ़ी के साथ अन्याय है। राजद और कांग्रेस के लोग बच्चों से ''रंगदार'' बनने के नारे लगवा रहे हैं।''




गया: बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले गांधी मैदान में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरूकता फैलाने के लिए रंगोली बनाते छात्र।



बेलागंज: बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र गया ज़िले के बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैली के दौरान भाजपा नेता और अभिनेता दिनेश लाल यादव 'निरहुआ'।

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड के बोकारो में पुलिस ने ट्रक से 60 लाख रुपये मूल्य की अवैध विदेशी शराब जब्त की

**बोकारो (झारखंड) :** झारखंड के बोकारो जिले में पुलिस ने एक ट्रक से 60 लाख रुपये मूल्य की अवैध विदेशी शराब जब्त की है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जरीडीह थाना क्षेत्र के बाराडीह में शुक्रवार की रात ट्रक पर लदी विदेशी शराब की बड़ी खेप जब्त की गई। बोकारो के आबकारी निरीक्षक अजय पाल ने बताया, हमने एक खास ब्रांड की 1,100 पेटी अवैध शराब जब्त की है, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपये है। जब्त खेप को एक ट्रक में लादा गया था, जिसे एक बंद पड़ी क्रशिंग इकाई के भीतर खड़ा किया गया था। यह ऐसी मशीन या उपकरणों का समूह होता है, जो कच्चे पदार्थों को छोटे टुकड़ों या पाउडर में तोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

### वंदे भारत ट्रेन का संचालन शुरू होने पर वाराणसी की महिलाओं ने दिया प्रधानमंत्री को धन्यवाद

**वाराणसी (उप्र) :** बनारस रेलवे स्टेशन से नयी वंदे भारत ट्रेन शुरू किए जाने पर वाराणसी की महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। वाराणसी निवासी हुमा बानो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'देश का शेर' मानती हैं और उन्हें अपना भाई बताती हैं। बानो ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा,''देश के प्रधानमंत्री और वाराणसी के सांसद नरेन्द्र मोदी जी हमारे भाई हैं। उन्होंने जनता के लिए जो काम किया है उसके लिए हम हमेशा उनके ऋणी रहेंगे। उन्होंने वाराणसी की जनता को वंदे भारत रेल गाड़ी का जो तोहफा दिया है उसके लिए हम तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहते हैं। वंदे भारत में बैठने की जो हमारी तमन्ना थी, वह अब पूरी होगी।'' प्रधानमंत्री से मिलने के बाद खुशी जताते हुए उन्होंने कहा, ''बहन के होते हुए आपको (मोदी की ओर इशारा करते हुए) डरने की जरूरत नहीं है। आप देश के शेर हैं और रहेंगे।'' कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री से मिलने वाली भाजपा कार्यकर्ता कंचन गुप्ता भावुक हो गईं और उन्हें अभिभावक तुल्य बताया।

### बिहार में सड़क किनारे वीवीपैट पर्चियां मिलने पर चुनाव अधिकारी निलंबित, प्राथमिकी दर्ज

**समस्तीपुर :** बिहार के समस्तीपुर जिले में सड़क किनारे बड़ी संख्या में 'वोटर वेरीफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) मशीन से प्राप्त पर्चियां मिलने के बाद एक सहायक रिटर्निंग अधिकारी को शनिवार को निलंबित कर दिया गया और उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान में दी गई। जिले के सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र में एक कॉलेज के पास सड़क किनारे वीवीपैट पर्चियां बिखरी हुई पाई गईं। इस घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद निर्वाचन आयोग हरकत में आ गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि जिलाधिकारी को तत्काल मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

## लखनऊ को यूनेस्को से मिला खिताब उप्र के व्यंजनों के लिए भी वैश्विक सम्मान है : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि लखनऊ का उसके विलक्षण जायकों के लिये यूनेस्को के क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (सीसीएन) में 'गैस्ट्रोनॉमी' श्रेणी में शामिल होना न केवल इस शहर बल्कि उत्तर प्रदेश के विविध व्यंजनों के लिए भी एक वैश्विक सम्मान है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 'एक जिला, एक व्यंजन' का विचार भी पेश किया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मेरे सम्मानित प्रदेश वासियों, राजधानी लखनऊ को यूनेस्को ने 'क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी' के रूप में चुना है। व्यंजन बनाने में रचनात्मकता के लिए मिली यह मान्यता लखनऊ ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के विविधता से भरे खान-पान का वैश्विक सम्मान है।'' उन्होंने कहा, ''दुनिया को इस अप्रतिम स्वाद से परिचित कराना भी हमारा दायित्व है। आप अपने आसपास स्वाद के संसार की यात्रा पर निकल कर या घर में ही बने व्यंजनों के साथ चित्र या वीडियो लें, इसे वनडिस्ट्रिक्टवनक्यूजिन (एक जिला, एक व्यंजन) के साथ सोशल मीडिया पर साझा करें।'' किस्सागो और लेखक हिमांशु बाजपेयी ने 'एक जिला, एक व्यंजन' के विचार का स्वागत करते हुए कहा, ''कई व्यंजन ऐसे होते हैं जो किसी खास जिले में बनाए जाते हैं। वे उसी जिले की पहचान होते हैं और बाहरी लोगों को उनके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होती। एक बार जब लोग इस विचार से जुड़ जाएंगे, तो उस व्यंजन की लोकप्रियता बढ़ेगी और उसे बेहतर तरीके से संरक्षण मिल सकेगा।''

## काशी के प्रतिभाशाली बच्चों पर गर्व है : प्रधानमंत्री मोदी



**वाराणसी (उप्र) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी के बच्चों की काव्य और कला प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि काशी के सांसद के रूप में उन्हें बहुत गर्व है कि बनारस में इतने प्रतिभाशाली बच्चे हैं। मोदी ने कहा कि बच्चों का एक कवि सम्मेलन आयोजित कराया जाए। उसमें से जो आठ-दस अच्छे बच्चे हों उन्हें देशभर में ले जाकर उनसे काव्य पाठ करवाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने बनारस रेलवे स्टेशन से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा, अभी मैं वंदे भारत ट्रेन के अंदर कुछ विद्यार्थियों से बात कर रहा था। मैं (रेल मंत्री) अश्वनी वैष्णव जी को बधाई देता हूं। उन्होंने एक अच्छी परंपरा शुरू की है कि जहां वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ होता है, उस स्थान पर बच्चों के बीच में अलग-अलग विषयों पर प्रतियोगिताएं होती हैं। विकास के संबंध में, भारत के संबंध में, विकसित भारत की कल्पना के चित्रों के संबंध में कविताओं को लेकर प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं।

## प्रवासी मजदूर और युवा हैं बिहार चुनाव के असली 'एक्स फैक्टर', महिलाएं नहीं : प्रशांत किशोर



**सुपौल (बिहार) :** जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर ने शनिवार को दावा किया कि बिहार विधानसभा चुनाव में प्रवासी मजदूर और युवा असली ''एक्स फैक्टर'' हैं, न कि महिलाएं। पूर्व चुनाव रणनीतिकार किशोर ने सुपौल में संवाददाताओं से कहा कि प्रवासी मजदूर और युवा परिवर्तन के लिए मतदान करने को दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने कहा, ''प्रवासी मजदूर बड़ी संख्या में अपने परिवारों के साथ मतदान के लिए घर लौट रहे हैं। पहले प्रवासी मजदूरों के पास कोई विकल्प नहीं था इसलिए वे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट देते थे लेकिन इस बार वे जन सुराज पार्टी के पक्ष में मतदान कर रहे हैं।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए किशोर ने कहा, ''पहले प्रधानमंत्री प्रवासी मजदूरों और आम लोगों के वोट राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 'जंगलराज' का डर दिखाकर हासिल करते थे, लेकिन अब उन्हें जमीनी स्थिति का सही आकलन नहीं हो रहा है। इस बार जो लोग बिहार में 'जंगलराज' की वापसी से चिंतित थे, वे जन सुराज में एक विकल्प देख रहे हैं।''

## छिपकर अधिकारियों से बैठक कर रहे हैं गृह मंत्री अमित शाह: पवन खेड़ा

**पटना :** अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के कार्यसमिति सदस्य और पार्टी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार में अधिकारियों के साथ ''गुप्त बैठकें'' कर रहे हैं। खेड़ा ने यहां प्रेसवार्ता में कहा कि 'इंडिया' महागठबंधन को विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में स्पष्ट बढ़त मिल रही है। उन्होंने दावा किया, ''हमारे पास बूथवार और विधानसभा-वार आंकड़े हैं, जिनके आधार पर कहा जा सकता है कि महागठबंधन 72 सीट पर आगे है। इसी वजह से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में भय का माहौल है और उनकी रैलियों एवं सभाओं की संख्या दूसरे चरण में घटाई जा रही है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि महागठबंधन की इस बढ़त से घबराकर गृह मंत्री अमित शाह ''सीसीटीवी कैमरे बंद करवाकर, लिफ्ट और ट्रैफिक रोककर अधिकारियों के साथ गुप्त बैठकें'' कर रहे हैं। खेड़ा ने कहा, ''इतना डर क्यों है कि सीसीटीवी पर कागज चिपकाकर बैठक करनी पड़ रही है? गृह मंत्री को बताना चाहिए कि आखिर क्या मजबूरी है जो इस तरह की गुप्त बैठकों की जा रही हैं।''

## बिहार में राहुल गांधी की 'दुकान' बंद हो जाएगी, इंडिया गठबंधन का होगा सफाया : अमित शाह




**पूर्णिया/कटिहार/सुपौल :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन का पूरी तरह सफाया हो जाएगा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 160 से अधिक सीट जीतकर सरकार बनाएगा। पूर्णिया, कटिहार और सुपौल में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, राहुल गांधी की दुकान अब बिहार में बंद होने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव सीमांचल क्षेत्र को घुसपैठियों का गढ़ बनाने पर तुले हुए हैं। शाह ने कहा, राहुल गांधी और तेजस्वी यादव सीमांचल को घुसपैठियों का अड्डा बनाना चाहते हैं। लेकिन हम हर अवैध प्रवासी की पहचान करेंगे, उनके नाम मतदाता सूची से हटाएंगे और उन्हें वापस उनके देश भेजेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार सीमांचल को घुसपैठियों के कब्जे से मुक्त कराएगी और सभी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाएगी। उन्होंने मतदाताओं से अपील की, अगर आप नहीं चाहते कि बिहार का अगला मुख्यमंत्री घुसपैठिए तय करें, तो राजद-कांग्रेस गठबंधन को हराएं, जो इनकी रक्षा के लिए यात्रा निकाल रहे हैं। शाह ने दावा किया, बिहार में राहुल गांधी की दुकान बंद हो जाएगी, इंडिया गठबंधन का सफाया होगा और 243 सदस्यीय विधानसभा में राजग 160 सीट जीतकर सरकार बनाएगा।

## बिहार चुनाव के पहले चरण में 65.08 प्रतिशत मतदान, राज्य के इतिहास में सबसे अधिक: निर्वाचन आयोग

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 65.08 प्रतिशत मतदान हुआ, जो राज्य के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक है। यह जानकारी शनिवार को निर्वाचन आयोग ने दी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, छह नवंबर को हुए मतदान में 3.75 करोड़ पात्र मतदाताओं में से रिकॉर्ड 65.08 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में दर्ज 57.29 प्रतिशत मतदान की तुलना में 7.79 प्रतिशत अधिक है। पहले चरण के तहत 243 सदस्यीय विधानसभा की 121 सीट के लिए मतदान हुआ था। इसके लिए कुल 45,341 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जिनमें से 36,733 ग्रामीण क्षेत्रों में थे। इस चरण में कुल 1,314 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें 1,192 पुरुष और 122 महिलाएं शामिल थीं। कुल मतदाताओं में 1.98 करोड़ पुरुष और 1.76 करोड़ महिलाएं थीं। सीईओ कार्यालय ने बताया कि महिलाओं ने बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान किया। मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर जिलों में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। मुजफ्फरपुर में 71.81 प्रतिशत और समस्तीपुर में 71.74 प्रतिशत मतदान हुआ।

## चिंता है, तो राहुल गांधी ने एससी, एसटी या अल्पसंख्यक को विपक्ष का नेता क्यों नहीं बनाया: राजनाथ सिंह



**सासाराम/भभुआ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि यदि कांग्रेस नेता राहुल गांधी वास्तव में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) या अल्पसंख्यक समुदायों के हितों को लेकर चिंतित हैं, तो उन्हें लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) के रूप में इन्हीं वर्गों में से किसी को नियुक्त करना चाहिए था। रोहतास और कैमूर जिलों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए सिंह ने राहुल गांधी के ''वोट चोरी'' के आरोप को ''बेवजह और निराधार'' बताया। उन्होंने कहा कि अगर राहुल गांधी के पास सबूत हैं, तो उन्हें निर्वाचन आयोग में शिकायत करनी चाहिए। सिंह ने कहा, ''अगर राहुल गांधी वास्तव में अनुसूचित जातियों, जनजातियों या अल्पसंख्यकों की चिंता करते हैं, तो उन्हें लोकसभा में विपक्ष का नेता इन्हीं समुदायों से किसी को बनाना चाहिए था।'' राहुल गांधी 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद विपक्ष के नेता बने थे। रक्षा मंत्री ने कहा,''अगर राहुल गांधी को लगता है कि बिहार में वोट चोरी हो रही है, तो उन्हें सबूतों के साथ निर्वाचन आयोग में शिकायत करनी चाहिए। लेकिन वह ऐसा नहीं कर रहे हैं। वह केवल एक संवैधानिक संस्था पर निराधार आरोप लगा रहे हैं। वह झूठ बोल रहे हैं।'' सिंह ने कांग्रेस पर जाति, धर्म और संप्रदाय के नाम पर समाज में दरार पैदा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह उसकी ''विभाजनकारी राजनीति'' का हिस्सा है। उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी रक्षा बलों में आरक्षण का मुद्दा उठा रहे हैं। हमारे सशस्त्र बल इन सभी बातों से ऊपर हैं। उन्हें राजनीति में नहीं घसीटना चाहिए।'' उन्होंने कहा,''भारतीय जनता पार्टी आरक्षण का समर्थन करती है। हमने गरीबों और समाज के पात्र वर्गों को आरक्षण दिया है।'' सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में सशस्त्र बलों की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि यह रुका है, खत्म नहीं हुआ। उन्होंने कहा, ''अगर आतंकवादी दोबारा भारत पर हमला करने की कोशिश करेंगे, तो हम कड़ी प्रतिक्रिया देंगे। भारत किसी को उकसाता नहीं, लेकिन अगर कोई हमें उकसाता है, तो हम उसे बख्शेंगे नहीं।''

## कोटा में घर में मृत मिलीं मां-बेटी, लूटपाट की आशंका

**कोटा :** राजस्थान के कोटा में रोजाड़ी इलाके में 32 वर्षीय एक महिला और उसकी आठ वर्षीय बेटी अपने किराए के मकान में मृत पाई गईं। उनके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक उनकी पहचान ज्योति (32) और उसकी बेटी पलक (8) के रूप में हुई है। ज्योति के परिजनों के अनुसार घर से जेवरात गायब थे, अलमारियां खुली थीं और घरेलू सामान बिखरा पड़ा हुआ था। इससे लूटपाट का संदेह होता है। पुलिस ने बताया कि ज्योति का डेढ़ साल का बेटा अपने पालने में जिंदा पाया गया। देर तक रोने के कारण अर्ध-बेहोशी की हालत में पाए जाने पर उसके पिता उसे अस्पताल ले गए। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) मनीष शर्मा ने शवगृह के बाहर संवाददाताओं को बताया कि इस घटना के संबंध में हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। ज्योति के पति भगवान वैष्णव ने बताया कि जब वह रात करीब आठ बजे काम से लौटे तो उन्होंने अपनी बेटी को खून से लथपथ पाया। पड़ोसियों की मदद से उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बीच, परिवार के अन्य सदस्यों ने रसोई में ज्योति का शव देखा और उसे अस्पताल ले गए। शवगृह में मौजूद ज्योति के देवर ने संवाददाताओं को बताया कि जब उन्हें उसका शव मिला, तब गैस चूल्हे पर रोटी थी और गूंथा हुआ आटा पास में पड़ा था।

## 'मोदी साम्राज्य' के खिलाफ कांग्रेस वही लड़ाई लड़ रही है जो बापू ने अंग्रेजों से लड़ी थी : प्रियंका



**कटिहार/भागलपुर/पूर्णिया :** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को आरोप लगाया कि उनकी पार्टी आज जिस लड़ाई को लड़ रही है, वह वही संघर्ष है जो महात्मा गांधी ने कभी ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ लड़ा था। उन्होंने कहा कि आज यह लड़ाई 'मोदी साम्राज्य' के खिलाफ है। बिहार के कटिहार, भागलपुर और पूर्णिया जिलों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए प्रियंका ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगाया कि वह चुनाव प्रचार में 'कट्टा' और 'दो नली' जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर अपने पद की गरिमा नहीं कायम रख रहे हैं। प्रियंका ने कहा, आज जो लड़ाई इंडिया गठबंधन और कांग्रेस लड़ रही है, वही लड़ाई महात्मा गांधी ने अंग्रेजों के साम्राज्य के खिलाफ लड़ी थी। आज भी हम आपके अधिकारों और सच्चाई के लिए लड़ रहे हैं। आज भी हम एक साम्राज्य-मोदी साम्राज्य-के खिलाफ लड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी उसी तरह शासन चला रहे हैं जैसे अंग्रेज चलाते थे-लोगों को दबाकर और समाज को बांटकर। प्रियंका ने कहा, जिन अधिकारों के लिए गांधीजी ने संघर्ष किया था, वे आज खतरे में हैं। उनमें सबसे बड़ा अधिकार है वोट देने का अधिकार। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री एक ओर 'वंदे मातरम्' का गुणगान करते हैं, जो अहिंसा का प्रतीक है, लेकिन दूसरी ओर सभाओं में 'कट्टा' और 'दो नली' जैसे शब्दों का प्रयोग करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भले ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अब वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ मनाई हो, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) इस गीत को गाने से कतराते थे। यह गीत स्वतंत्रता आंदोलन का प्रतीक था और देश की एकता का संदेश देता था।

### राजस्थान में 1.56 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए गए

**जयपुर :** राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत पहले पांच दिन यानी शनिवार तक 1.56 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की शुरुआत के बाद से अब तक राज्य भर में बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) ने 1.56 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किये हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि शनिवार तक गणना प्रपत्र वितरण में बाड़मेर, चित्तौड़गढ़ एवं अलवर जिले अग्रणी रहे हैं। 25 प्रतिशत से कम वितरण वाले नौ जिलों में बीकानेर, जोधपुर, झालावाड़, हनुमानगढ़, सिरोही, कोटा, बालोतरा, पाली एवं जैसलमेर शामिल हैं।

## बिहार चुनाव में यदि राजग की हार हुई तो आश्चर्य नहीं होगा: पवार



**अकोला (महाराष्ट्र) :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) के नेता शरद पवार ने शनिवार को कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार विधानसभा चुनाव हार जाता है तो उन्हें आश्चर्य नहीं होगा क्योंकि इस पूर्वी राज्य के लोग बदलाव चाहते हैं। पवार ने पत्रकारों से कहा कि बिहार देश के बाकी राज्यों से अलग है और यह भारतीय राजनीति के कुछ निर्णायक क्षणों का साक्षी रहा है। वरिष्ठ नेता ने कहा कि हालांकि उन्होंने बिहार में प्रचार नहीं किया है लेकिन राज्य में अपने संपर्कों से मिली जानकारी के अनुसार, अगर राजग सत्ता खो देता है तो उन्हें आश्चर्य नहीं होगा। उन्होंने कहा, ''बिहार के लोग बदलाव चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह एक गरीब राज्य है लेकिन यहां के नागरिक राजनीतिक रूप से जागरूक हैं। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान चंपारण में महात्मा गांधी का आंदोलन, आपातकाल के खिलाफ जयप्रकाश नारायण का आंदोलन और विपक्ष में रहते हुए इंदिरा गांधी का हाथी पर सवार होकर बेलछी का दौरा करना, भारतीय राजनीति के निर्णायक क्षण हैं।'' बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 65.08 प्रतिशत मतदान हुआ जो राज्य के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक मतदान है।

# 'विकसित काशी से विकसित भारत' का मंत्र साकार करना हमारा लक्ष्य : प्रधानमंत्री

## प्रधानमंत्री ने वाराणसी में चार नयी 'वंदे भारत' एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**वाराणसी (उप्र) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'विकसित काशी से विकसित भारत' का मंत्र साकार करने के मकसद से सरकार द्वारा वाराणसी में मूलभूत ढांचे को मजबूत करने के लिये लगातार कार्य किये जाने का जिक्र करते हुए कहा कि उनका प्रयास है कि बनारस में आना, रहना और यहां का आतिथ्य सबके लिये खास अनुभव बने।अपने संबोधन में वाराणसी के विकास के लिये किये जा रहे विभिन्न कार्यों का विस्तार से जिक्र किया। अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दो दिवसीय दौरे के दूसरे एवं अंतिम दिन मोदी ने बनारस रेलवे स्टेशन पर चार



नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये नयी ट्रेन बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एर्नाकुलम-बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी। अपने संबोधन में वाराणसी के विकास के लिये किये जा रहे विभिन्न कार्यों का विस्तार से जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''विकसित काशी से विकसित भारत का मंत्र साकार करने के लिए हम लगातार यहां भी बुनियादी ढांचा के कई काम कर रहे हैं। आज काशी में अच्छे अस्पताल, अच्छी सड़क, गैस पाइपलाइन से लेकर इंटरनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्थाएं लगातार बढ़ायी जा रही हैं। विकास भी हो रहा है और गुणात्मक सुधार भी हो रहा है। रोपवे पर तेजी से काम हो रहा है गंजारी और सिगरा स्टेडियम जैसे खेल संबंधी बुनियादी ढांचा भी अब हमारे पास हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमारा प्रयास है कि बनारस आना, बनारस में रहना और बनारस का आतिथ्य सबके लिए खास अनुभव बने। हमारी सरकार का प्रयास काशी में स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार करना है।'' उन्होंने कहा, ''अभी 10 से 11 साल पहले स्थिति यह थी कि गंभीर बीमारी का इलाज कराना हो तो लोगों के पास सिर्फ बीएचयू (काशी हिंदू विश्वविद्यालय) का विकल्प होता था और मरीजों की संख्या इतनी ज्यादा होती थी कि पूरी पूरी रात खड़े रहने के बाद भी उन्हें इलाज नहीं मिल पाता था। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी होने पर इलाज के लिए लोग जमीन और खेत बेचकर मुंबई जाते थे। आज काशी के लोगों की इन सारी चिंताओं को हमारी सरकार ने खत्म करने का काम किया है।''

## केंद्र ने 11 वर्षों में पूर्वोत्तर में शिक्षा क्षेत्र में 21,000 करोड़ रुपये का निवेश किया : सीतारमण

**गोहपुर (असम) :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को दावा किया कि केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में पूर्वोत्तर में शिक्षा क्षेत्र में 21,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। सीतारमण ने कहा कि इस अवधि के दौरान क्षेत्र में कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा मिला है, रेलवे मानचित्र पर नए राज्य शामिल हुए हैं और कई ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों का निर्माण किया गया है। वित्त मंत्री ने तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण पर केंद्रित असम के पहले विश्वविद्यालय की शनिवार को आधारशिला रखने के अवसर पर यह बात कही। विश्वनाथ जिले में गोहपुर के भोलागुड़ी में 415 करोड़ रुपये की लागत से 'स्वाहिद कनकलता बरुआ राज्य विश्वविद्यालय' का निर्माण किया जा रहा है। यह विश्वविद्यालय कुल 241 एकड़ क्षेत्र में फैला होगा। इसमें 2,000 छात्रों के लिए



शैक्षणिक ब्लॉक, 1,620 छात्रों के लिए छात्रावास, आवासीय क्वार्टर, अतिथि गृह और एक छात्र सुविधा केंद्र होगा। विश्वविद्यालय कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, ब्लॉकचेन, ड्रोन और नौवहन प्रौद्योगिकी, क्वांटम कंप्यूटिंग, ब्रेन कंप्यूटर इंटरफेस, और स्मार्ट सिटी एवं स्मार्ट वातावरण जैसे विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में पाठ्यक्रम उपलब्ध कराएगा। सीतारमण ने कहा, ''वर्ष 2014 से अब तक केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर में शिक्षा क्षेत्र में 21,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस क्षेत्र में 850 से अधिक नए स्कूल खोले गए हैं। क्षेत्र में पहला एम्स शुरू हो गया है, तथा 200 से अधिक नए कौशल विकास संस्थान चालू हो गए हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पंजाब में केएलएफ से जुड़े दो लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** आतंकवादी संगठन 'खालिस्तान लिबरेशन फोर्स' (केएलएफ) से कथित रूप से जुड़े अमृतसर के दो निवासियों को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। पंजाब पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वे ''अपने विदेशी आकाओं के निर्देश पर काम कर रहे थे'' और पंजाब में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए उन्होंने सीमा पार से अवैध हथियार खरीदे थे।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धारीवाल गांव के बिक्रमजीत सिंह और साईसरा कलां गांव के करणबीर सिंह के रूप में हुई है। दोनों के पास से जो हथियार बरामद किए गए हैं, उनमें विदेश निर्मित .30 कैलिबर की एक पीएक्स5 पिस्तौल, .30 कैलिबर की एक पिस्तौल, .45 कैलिबर की विदेश निर्मित एक पिस्तौल, .32 कैलिबर की एक पिस्तौल और एक रिवॉल्वर तथा 20 कारतूस शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों कथित तौर पर अमृतसर के राजासांसी में मलकीत सिंह नामक व्यक्ति की हत्या में शामिल थे। पुलिस के अनुसार, दो अज्ञात लोगों ने मलकीत सिंह पर उस समय गोली चलाई थी जब वह एक नवंबर को अपने पिता के साथ धारीवाल गांव में अपने खेतों में काम कर रहे थे। मलकीत सिंह की एक अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि बिक्रमजीत सिंह आतंकवादी संगठन खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से जुड़ा हुआ है और उसका आपराधिक इतिहास है, तथा उसके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम और शस्त्र अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं।

### जम्मू-कश्मीर एसआईए ने नार्को-आतंकवाद मॉड्यूल के सरगना को गिरफ्तार किया

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने एक नार्को-आतंकवाद मॉड्यूल के सरगना मोहम्मद अरशद उर्फ आसिफ को शनिवार को मुंबई हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर लिया। एसआईए प्रवक्ता ने आसिफ की गिरफ्तारी को नार्को-आतंकवाद के खिलाफ जंग में एक बड़ी सफलता करार दिया। उन्होंने बताया कि पुंछ जिले की हवेली तहसील के दे-गवार-तेरवान गांव का रहने वाला आसिफ 2023 से फरार था और सऊदी अरब से आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। प्रवक्ता ने कहा, आसिफ एक नार्को-आतंकवाद मॉड्यूल का सरगना है, जो पाकिस्तान स्थित आकाओं और जम्मू-कश्मीर में नार्को-आतंकवाद में शामिल लोगों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी था। नार्को-आतंकवाद मॉड्यूल वह ढांचा या नेटवर्क है, जो आतंकवादी गतिविधियों को वित्त-पोषित करने के लिए मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल होता है। प्रवक्ता के मुताबिक, एसआईए-जम्मू ने 2023 में आसिफ के खिलाफ लुक-आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया था, जिसके बाद अदालत ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया था। उन्होंने बताया कि आसिफ को मुंबई से तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर हिरासत में लिया गया है। प्रवक्ता के अनुसार, इस मामले में कुल आठ आरोपी शामिल पाए गए थे, जिनमें से दो फरार थे। उन्होंने बताया कि एसआईए-जम्मू ने एक अन्य फरार आरोपी लाकित अहमद को मार्च 2025 में गुजरात के अहमदाबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया था।

## ईडी ने कर्नाटक के कांग्रेस विधायक की 21 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने कर्नाटक के कांग्रेस विधायक सतीश कृष्ण सेल की 21 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। यह संपत्ति लौह अयस्क के कथित अवैध निर्यात के मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत कुर्क की गई है। ईडी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत छह नवंबर को एक अनंतिम आदेश जारी किया गया था और कुर्क की गई संपत्तियां सेल से जुड़ी हैं, जो इन संपत्तियों पर श्री मल्लिकार्जुन शिपिंग प्राइवेट लिमिटेड (एसएमएसपीएल) नामक अपनी गोवा से संचालित कंपनी के माध्यम से स्वामित्व रखते हैं। उत्तर कन्नड़ की कारवार विधानसभा सीट से 59 वर्षीय विधायक को संघीय जांच एजेंसी ने सितंबर में गिरफ्तार किया था। बाद में उन्हें चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत मिल गई थी, जिसे ईडी ने शुक्रवार को एक विशेष पीएमएलए अदालत ने रद्द कर दिया है। कुर्क की गई संपत्तियों में गोवा के मोरमुगाओ के चिकालिम गांव में 12,500 वर्ग मीटर खुली जमीन, दक्षिण गोवा के मोरमुगाओ तालुक में स्थित पेड्रो गैले कोट्टा के नाम से जानी जाने वाली 16,850 वर्ग मीटर कृषि संपत्ति और गोवा के वास्को डि गामा में स्थित एक वाणिज्यिक भवन की कई मंजिलें शामिल हैं, जिनका वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 64 करोड़ रुपये है। ईडी के अनुसार, इन संपत्तियों की 'बुक वैल्यू' 21 करोड़ रुपये है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता आडवाणी से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। प्रधानमंत्री यहां आडवाणी के आवास पर पहुंचे और उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। इससे पहले दिन में मोदी ने उन्हें ''एक महान दृष्टिकोण वाला राजनेता'' बताया। राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा को एक मजबूत ताकत के रूप में उभारने में अहम भूमिका निभाने वाले आडवाणी शनिवार को 98 वर्ष के हो गए। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''लालकृष्ण आडवाणी जी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। महान



दृष्टिकोण वाले और तीक्ष्ण बुद्धिमत्ता से संपन्न राजनेता आडवाणी जी का जीवन भारत की प्रगति को सुदृढ़ करने के लिए समर्पित रहा है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''उन्होंने निस्वार्थ कर्तव्य और दृढ़ सिद्धांतों की भावना को सदैव अपनाया। उनके योगदान ने भारत के लोकतांत्रिक और सांस्कृतिक परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी है। ईश्वर उन्हें उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करे।''

## आज से शुरू होगा 66वां दक्षेस साहित्य महोत्सव, पाकिस्तान शामिल नहीं होगा

**नयी दिल्ली :** दक्षेस साहित्य महोत्सव के 66वें संस्करण की शुरुआत रविवार को ललित कला एवं साहित्य अकादमी में शुरू होगा, जिसमें पाकिस्तान को छोड़कर दक्षेस के सभी सदस्य देशों के लेखक, कवि, विद्वान, कलाकार और सांस्कृतिक विचारक भाग लेंगे।दक्षेस लेखक एवं साहित्य फाउंडेशन (फोसवाल) द्वारा आयोजित इस साहित्य महोत्सव में आठ दक्षेस देशों में से सात देशों के लेखक और विद्वान भाग ले रहे हैं, जिनमें अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, मालदीव, श्रीलंका और भारत शामिल हैं।प्रसिद्ध पंजाबी लेखक और फोसवाल के अध्यक्ष अजीत कौर ने कहा कि पाकिस्तान हमेशा से इस महोत्सव का हिस्सा रहा है, लेकिन वर्तमान संस्करण में देश की भागीदारी अब एक ''राजनीतिक मुद्दा'' है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''दक्षेस शिखर सम्मेलन हर दो साल में बारी-बारी से अलग-अलग दक्षेस देशों में आयोजित होता था। 2016 में, मेजबानी की बारी पाकिस्तान की थी, लेकिन पाकिस्तानी घुसपैठियों ने हमारे जवानों पर बड़े पैमाने पर हमला किया और हम भारतवासी बहुत नाराज हुए। इसलिए हमारे प्रधानमंत्री ने इसमें भाग लेने से इनकार कर दिया। इसलिए, जहिर है कि जब तक आतंकवाद बंद नहीं हो जाता, हम पाकिस्तानी लेखकों को आमंत्रित नहीं कर सकते।''इस उत्सव की शुरुआत साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक, विद्वान आशीष नंदी और राजनयिक महिषिनी कोलोन (श्रीलंका), शंकर प्रसाद शर्मा (नेपाल), एम रियाज़ हमीदुल्लाह (बांग्लादेश) और ऐशथ अज़ीमा (मालदीव) के उद्घाटन सत्र से होगी।

## न्यायालय ने यह सुनिश्चित किया है कि वह आर्थिक नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप न करे : प्रधान न्यायाधीश

**नयी दिल्ली :** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने शनिवार को कहा कि न्यायपालिका कानून के शासन की एक मजबूत संरक्षक रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शीर्ष अदालत ने यह सुनिश्चित किया है कि वह आर्थिक



नीतिगत मामलों में तब तक हस्तक्षेप नहीं करेगी, जब तक कि मौलिक अधिकारों या संविधान के अन्य प्रावधानों का उल्लंघन नहीं हो रहा हो। वाणिज्यिक न्यायालयों के स्थायी अंतरराष्ट्रीय फोरम की छठी पूर्ण बैठक में उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक और कॉर्पोरेट मामलों में उच्चतम न्यायालय पारदर्शिता और अखंडता सुनिश्चित करने में सतर्क रहा है तथा धोखाधड़ी से लाभ के लिए कानूनी या कॉर्पोरेट संरचनाओं का दुरुपयोग करने के प्रयासों को खारिज करता रहा है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''उच्चतम न्यायालय ने यह सुनिश्चित किया है कि वह उन नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगा, जिनमें आर्थिक पहलू शामिल हैं, जब तक कि मौलिक अधिकारों या संविधान के अन्य प्रावधानों का उल्लंघन न हो।'' न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''इसी प्रकार, न्यायालय ने पुनः पुष्टि की है कि वाणिज्यिक कानून की कोई भी व्याख्या निष्पक्षता और जनहित को बनाए रखते हुए विधायी मंशा के अनुरूप होनी चाहिए।'' उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने आर्थिक स्वतंत्रता, नियामक अनुशासन और निष्पक्षता के बीच संतुलन को लगातार कायम रखा है। उन्होंने कहा, ''सरकार की शक्तियां-विशेष रूप से कराधान और विनियमन से जुड़े मामलों में-एक स्पष्ट वैधानिक आधार पर टिकी होनी चाहिए और संविधान की सीमाओं के भीतर ही इस्तेमाल की जानी चाहिए।''

## दुनिया जैन शाकाहार की जीवनशैली को मान्यता दे रही : उपराष्ट्रपति

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने शनिवार को कहा कि जैन जीवनशैली में शाकाहार को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का आदर्श माना जाता है और वह दो दशकों से अधिक समय पहले शाकाहारी हो गये थे। जैन आचार्य हंसरत्न सुरीश्वर के 8वें 180 'उपवास पारणा' समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने कहा कि जैन धार्मिक गुरुओं द्वारा प्रचारित अहिंसा ही विश्व शांति का मार्ग है।राधाकृष्णन ने कहा, जैन जीवनशैली में शाकाहार, पशुओं के प्रति करुणा और सतत जीवन जीने की आदत को पूरी दुनिया में पर्यावरणीय जिम्मेदारी का आदर्श माना जाता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें मांसाहारी भोजन पसंद था लेकिन 2000 में काशी की यात्रा के बाद उन्होंने इसे छोड़ दिया।उन्होंने बताया कि गंगा में पवित्र स्नान करने से पहले किसी प्रिय चीज का त्याग करने की परंपरा के अनुसार उन्होंने





मांसाहारी भोजन छोड़ दिया। उन्होंने कहा, जब आप मांसाहारी भोजन करते हैं, तो अनुभव अलग होता है। जब आप शाकाहारी भोजन करते हैं, तो आपका मानसिक दृष्टिकोण पूरी तरह बदल जाता है। यही मेरा अनुभव है।उन्होंने बताया, आक्रामकता चली गई, धैर्य आया और घमंड खत्म हो गया...उपवास के लिए आंतरिक शक्ति की आवश्यकता पर बात करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि उन्हें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नवरात्र के नौ दिन उपवास रखते हैं।उन्होंने कहा कि नवरात्र के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री से पूछा कि क्या वह कुछ खाना चाहेंगे, लेकिन मोदी ने बताया कि वह नवरात्र के नौ दिन उपवास रखते हैं।

### इसरो ने चंद्रमा के ध्रुवीय क्षेत्रों के अध्ययन में मदद के लिए चंद्रयान-2 का उन्नत डेटा एकत्र किया

**बेंगलुरु :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि उसने चंद्रमा के ध्रुवीय क्षेत्रों की गहरी समझ हासिल करने के लिए चंद्रयान-2 मिशन के 'ऑर्बिटर' से उन्नत डेटा एकत्र किया है, जिसमें इसकी सतह के भौतिक और परावैद्युत गुणों का वर्णन करने वाले पैमाने भी शामिल हैं। इसरो ने एक बयान में कहा कि यह भविष्य में चंद्रमा के अध्ययन के लिए भेजे जाने वाले अभियानों की दिशा में भारत का प्रमुख मूल्य संवर्धन है। बयान के मुताबिक, चंद्रयान-2 का 'ऑर्बिटर' 2019 से चंद्रमा की कक्षा में है और उच्च गुणवत्ता वाला डेटा प्रदान कर रहा है। इसमें कहा गया है कि 'ऑर्बिटर' पर मौजूद एक पेलोड 'डुअल फ्रीक्वेंसी सिंथेटिक अपर्चर रडार (डीएफएसएआर)' वह पहला उपकरण है, जिसने एल-बैंड का पूर्ण-ध्रुवमितीय मोड में इस्तेमाल करके और सबसे उच्च रिजोल्यूशन (25 मीटर/पिक्सेल) में चंद्रमा का मानचित्रण किया है। बयान के अनुसार, यह उन्नत रडार मोड ऊर्ध्वाधर और क्षैतिज दोनों दिशाओं में सिग्नल भेजता और प्राप्त करता है, जिसके चलते इसे सतह के गुणों का अध्ययन करने के लिए आदर्श समझा जाता है। इसरो ने कहा कि चंद्रयान-2 के प्रक्षेपण के बाद से, चंद्रमा के उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्रों (80 से 90 डिग्री अक्षांश) का मानचित्र बनाने के लिए लगभग 1,400 रडार डेटासेट एकत्र और संसाधित किए जा चुके हैं।

### विहिप ने माता वैष्णो देवी मेडिकल संस्थान में प्रवेश प्रक्रिया पर सवाल उठाए

**नयी दिल्ली :** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस में अपनाई गई प्रवेश प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। विहिप ने दावा किया कि पहले बैच में दाखिला लेने वाले अधिकतर छात्र मुस्लिम हैं। विहिप ने जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा से मामले की जांच करने का आग्रह किया है। विहिप के महासचिव बजरंग बागड़ा ने एक नवंबर को सिन्हा को लिखे पत्र में कहा, हमें जानकारी मिली है कि मेडिकल एक्सीलेंस संस्थान के पहले बैच के 50 छात्रों में केवल छह हिंदू हैं, जबकि 44 मुस्लिम हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि नर्सिंग कॉलेज के अधिकतर कर्मचारी मुस्लिम या ईसाई हैं। विहिप के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह तथ्य न केवल धार्मिक मान्यताओं के विपरीत है बल्कि स्थानीय और व्यापक हिंदू समुदाय की भावनाओं को भी गहराई से आहत करता है।

## जीवनसाथी चुनने की स्वतंत्रता व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अंतर्निहित हिस्सा : दिल्ली उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली :** जीवनसाथी चुनने की स्वतंत्रता संविधान के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता का अभिन्न अंग है तथा परिवार या समुदाय सहमति से विवाह करने वाले दो वयस्कों की पसंद में बाधा नहीं डाल सकते। यह बात दिल्ली उच्च न्यायालय ने उच्चतम न्यायालय के एक फैसले का हवाला देते हुए कही। उच्च न्यायालय ने कहा कि शीर्ष अदालत ने माना है कि भारत में जाति का सामाजिक प्रभाव अब भी मजबूत है और अंतरजातीय विवाह एकीकरण को बढ़ावा देकर तथा जातिगत विभाजन को कम करके एक मूल्यवान संवैधानिक एवं सामाजिक कार्य करते हैं। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने 4 नवंबर को पारित एक आदेश में कहा, ''उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि ऐसे विवाह राष्ट्रीय हित में हैं और इन्हें किसी भी पारिवारिक या सांप्रदायिक हस्तक्षेप से कड़ा संरक्षण मिलना चाहिए।'' न्यायालय ने कहा कि जीवनसाथी चुनने की स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता का अभिन्न अंग है।उच्च न्यायालय ने कहा, ''जहां दो





वयस्क सहमति से विवाह करने या साथ रहने का निर्णय लेते हैं, वहां न तो परिवार और न ही समुदाय कानूनी रूप से उस विकल्प में बाधा डाल सकता है और न ही उन पर दबाव, सामाजिक प्रतिबंध बना सकता है या धमकियां दे सकता है।'' अदालत ने यह टिप्पणी एक अंतरजातीय जोड़े को पुलिस सुरक्षा प्रदान करते हुए की, जो पिछले 11 वर्षों से एक-दूसरे के साथ रिश्ते में हैं और अब शादी करने का इरादा रखते हैं।हालांकि, दोनों की मां और अन्य रिश्तेदार उनके रिश्ते का विरोध कर रहे थे और धमकियां दे रहे थे, जिसके कारण उन्हें सुरक्षा के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

## अफ्रीका से आठ चीतों की एक और खेप जल्द ही भारत आयेगी, एक टीम ने किया चीता पर्यावास का दौरा

**भोपाल :** चीता पुनर्वास कार्यक्रम के तहत भारत में स्थानांतरित करने से पहले दक्षिणी अफ्रीका के बोत्सवाना में आठ चीतों को पकड़ा गया है। एक वरिष्ठ वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। चीतों का लाने का यह कार्यक्रम 2022 में शुरू किया गया था जब दशकों पहले सबसे तेज यह जानवर भारत से विलुप्त हो गया था। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि दो नर चीतों समेत इन चीतों को भारत भेजने से पहले एक महीने के लिए बाड़े में रखा जाएगा और उनका मेडिकल परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''अंतर-महाद्वीपीय स्थानांतरण में कई औपचारिकताएं शामिल होती हैं। इन बातों तथा आने वाली क्रिसमस की छुट्टियों को देखते हुए, मैं यह नहीं कह सकता कि चीतों को मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में कुनो नेशनल पार्क में कब भेजा जायेगा, शायद जनवरी में।'' संपर्क करने पर, चीता परियोजना के क्षेत्र निदेशक उत्तम शर्मा ने कहा कि इस विषय को दोनों सरकारें देख रही हैं और वह इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, ''हमारे पास पहले से ही चीतों के तीसरी खेप के लिए बाड़े और सुविधाएं तैयार हैं, इन्हें तब तैयार किया गया था जब जानवरों को पहले नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाया गया था।'' इस बीच, पांच सदस्यीय दक्षिण अफ्रीकी प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को कुनो नेशनल पार्क के मैदानी दौरे के बाद मध्यप्रदेश के मंदसौर और नीमच जिलों की सीमा पर स्थित गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य (जीवन एसडब्ल्यूएस) का भी दौरा किया।

## असम: रेलवे पटरी पर हुए विस्फोट के बाद सतर्कता के लिए तीन कर्मचारियों को सम्मानित किया गया

**गुवाहाटी :** असम में पिछले महीने एक संदिग्ध परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) विस्फोट से रेलवे पटरी क्षतिग्रस्त होने के बाद रेलवे के तीन कर्मचारियों की सतर्कता के चलते एक बड़ा हादसा टल गया था जिसके लिए अधिकारियों ने इन्हें सम्मानित किया। शनिवार को एक अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।बयान के अनुसार ट्रेन चालक जितेंद्र कुमार, वरिष्ठ ट्रेन चालक शैलेंद्र कुमार केशरी और ट्रेन प्रबंधक भोलाराम दास को हाल ही में कर्तव्य के प्रति उनकी निष्ठा के लिए सम्मानित करते हुए उन्हें नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने उत्कृष्ट सतर्कता, व्यावसायिकता और त्वरित कार्रवाई के लिए इन



कर्मचारियों को सम्मानित किया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, 23 अक्टूबर को देर रात लगभग एक बजे एनएफआर के अलीपुरद्वार मंडल में कोकराझार रेलवे स्टेशन से सलाकाटी की ओर लगभग पांच किलोमीटर दूर एक संदिग्ध आईईडी विस्फोट हुआ। इस विस्फोट के कारण रेल की पटरियों को नुकसान पहुंचा था।यह घटना उस समय हुई जब कोकराझार और सलाकाटी स्टेशनों के बीच से एक मालगाड़ी गुजर रही थी तभी मालगाड़ी के कर्मचारियों को अचानक एक तेज झटका महसूस हुआ। इसके बाद उन्होंने तुरंत ट्रेन रोकी और नियंत्रण अधिकारियों को इस संबंध में सूचित किया और संदिग्ध विस्फोट के कारण रेलवे पटरी को हुए नुकसान का पता लगाया गया।

## दिल्ली में प्रदूषण का स्तर 400 के पार, वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के कई हिस्सों में शनिवार को वायु प्रदूषण का स्तर 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया, जिससे राष्ट्रीय राजधानी देश के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक बन गयी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, प्रतिदिन शाम 4 बजे दर्ज किया जाने वाला 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई)



शनिवार को 361 रहा, जिससे दिल्ली 'रेड जोन' में पहुंच गयी और यह देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर बन गया।शहर के कई इलाकों में वायु प्रदूषण का स्तर 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। राजधानी के 38 निगरानी केंद्रों से प्राप्त सीपीसीबी के समीर ऐप के आंकड़ों के अनुसार, अलीपुर में एक्यूआई 404, आईटीओ पर 402, नेहरू नगर में 406, विवेक विहार में 411, वजीरपुर में 420 और बुराड़ी में 418 दर्ज किया गया।सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, एनसीआर क्षेत्र में नोएडा में एक्यूआई 354, ग्रेटर नोएडा में 336 और गाजियाबाद में 339 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आते हैं। दिल्ली में शुक्रवार को एक्यूआई 322 दर्ज किया गया था।वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान के लिए निर्णय समर्थन प्रणाली (डीएसएस) के अनुसार, रविवार को दिल्ली के प्रदूषण में, पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण की हिस्सेदारी लगभग 30 प्रतिशत थी, जबकि परिवहन क्षेत्र का योगदान 15.2 प्रतिशत था। उपग्रह से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को पंजाब में 100, हरियाणा में 18 और उत्तर प्रदेश में पराली जलाने की 164 घटनाएं हुईं।

## बारिश के कारण पांचवां टी20 रद्द

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला जीती




**ब्रिसबेन :** भारत ने शनिवार को यहां बारिश के कारण पांचवां और अंतिम मैच रद्द होने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैच की टी20 श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। गाबा मैदान पर बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारत ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (13 गेंद में नाबाद 23 रन) और शुभमन गिल (16 गेंद में नाबाद 29 रन) के साथ आक्रामक शुरुआत की। लेकिन बिजली चमकने से खेल रुक गया, तब भारत ने 4.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 52 रन बना लिए थे। इसके तुरंत बाद ही भारी बारिश आ गई जिससे मैच रद्द करना पड़ा। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के पास खतरनाक अभिषेक को जल्दी आउट करने के मौके थे लेकिन वह इसका फायदा उठाने में नाकाम रहा। ग्लेन मैक्सवेल ने शुरुआती ओवर में बाएं हाथ के बल्लेबाज का एक आसान कैच छोड़ दिया जबकि चौथे ओवर में जब अभिषेक 11 रन पर थे तब बेन ड्वारशुइस ने उनका कैच टपका दिया। तीन गेंद बाद अभिषेक ने मिडविकेट पर एक जोरदार छक्का लगाकर भारतीय प्रशंसकों को रोमांचित कर दिया। गिल ने तीसरे ओवर में ड्वारशुइस पर तीन चौके जड़कर भारत की तेज शुरुआत की लय को बरकरार रखा। श्रृंखला का पहला टी20 मैच भी बारिश की भेंट चढ़ गया था जबकि ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा मैच चार विकेट से जीता था।

### जब अभिषेक और शुभमन साथ में बल्लेबाजी करते हैं तो चेहरों पर मुस्कान आ जाती है: सूर्यकुमार

कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला जीतने के बाद कहा कि जब अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल शीर्ष क्रम में एक साथ बल्लेबाजी करते हैं तो वे सभी के चेहरों पर मुस्कान लाते हैं। भारतीय कप्तान ने कहा कि यह जोड़ी खेल के सबसे छोटे प्रारूप में विभिन्न परिस्थितियों से निपटने के विभिन्न पहलुओं को सीख रही हैं। सूर्यकुमार ने मैच के बाद संवाददाताओं से इस जोड़ी की तारीफ करते हुए कहा, ''जब अभिषेक और शुभमन शीर्ष क्रम पर एक साथ बल्लेबाजी करते हैं तो वे प्रशंसकों के चेहरों पर मुस्कान ला देते हैं।''

### मैंने ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों के लिए खुद को अच्छी तरह तैयार किया: अभिषेक

अभिषेक शर्मा ने ऑस्ट्रेलियाई चुनौती का सामना करने के लिए महीनों तक 'मानसिक और तकनीकी रूप से' खुद को तैयार किया जिसका नतीजा भारत के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-1 से श्रृंखला जीतने के बाद इस युवा सलामी बल्लेबाज को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्होंने पांचवें और अंतिम टी20 मैच के बारिश के कारण रद्द होने के बाद कहा, ''मैं इस टूर्नामेंट का इंतजार कर रहा था। जब मुझे पता चला कि हम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया जा रहे हैं तो मैं बहुत उत्साहित था। उन्होंने कहा, ''अपने पूरे करियर में मैंने देखा है कि ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाजी के लिए बहुत अनुकूल है और मैं खुद को इस तरह के गेंदबाजों और परिस्थितियों के लिए तैयार करना चाहता था। '' बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि उनकी तैयारी विश्वस्तरीय तेज गेंदबाजों का सामना करने और ऑस्ट्रेलियाई पिचों के हिसाब से अपने खेल को ढालने पर केंद्रित थी।

## लाखों से करोड़ों तक: आसमान छूने लग गया है भारत की महिला क्रिकेटरों का ब्रांड मूल्य




**नयी दिल्ली :** भारत को महिला वनडे विश्व कप में पहली बार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली खिलाड़ियों का इसके बाद ब्रांड मूल्य भी आसमान छूने लग गया है और उनके पास पैसा कमाने का यह सबसे अच्छा मौका है। स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स जैसी खिलाड़ियों के ब्रांड मूल्य में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की उम्मीद है, जो उन्हें संभालने वाली प्रबंधन फर्मों के अनुसार व्यक्तिगत रूप से एक करोड़ से अधिक के विज्ञापन सौदों में तब्दील हो जाएगा। इन खिलाड़ियों को अपने विज्ञापन का चेहरा बनाने के लिए कतार में लगे ब्रांडों में ऑटोमोबाइल कंपनियों से लेकर बैंक और एफएमसीजी तक शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा खेल सामग्री, जीवनशैली, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल और शिक्षा निगमों के साथ भी सौदे होने की उम्मीद है। मंधाना, ऋचा घोष और राधा यादव का प्रबंधन करने वाली बेसलाइन वेंचर्स के एमडी और सह-संस्थापक तुहिन मिश्रा तथा शेफाली और जेमिमा का प्रबंधन करने वाले जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी करण यादव दोनों पीटीआई के सवालों के जवाब में महिला क्रिकेटरों के भविष्य के बारे में उत्साहित थे। यादव ने कहा, ''हम उनके ब्रांड मूल्य में तेज उछाल देख रहे हैं। शीर्ष स्तर की किसी खिलाड़ी के विज्ञापन मूल्य में दो से तीन गुना तक बढ़ोतरी हो गई है। जेमिमा की कीमत 60 लाख रुपये से बढ़कर लगभग 1.5 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। शैफाली की कीमत 40 लाख रुपये से बढ़कर लगभग एक करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।'' मिश्रा ने कहा, ''हमें शीर्ष खिलाड़ियों के लिए 25-55 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों के लिए यह आंकड़ा और अधिक हो सकता है।'' उन्होंने कहा, ''हमें यह भी उम्मीद है कि यह जीत वाणिज्यिक बाजार में महिला क्रिकेट को मजबूत करेगी, जहां ब्रांड अल्पकालिक अभियान के बजाय दीर्घकालिक साझेदारी पर ध्यान देते हैं।'' यादव ने कहा कि महिला क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता और प्रशंसकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी ने भी खिलाड़ियों के ब्रांड मूल्य में वृद्धि में योगदान दिया है।

## आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप: इलावेनिल ने कांस्य और रविंदर ने स्वर्ण पदक जीता



**काहिरा :** दो बार की ओलंपियन इलावेनिल वालारिवान ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन दिखाया लेकिन कांस्य पदक ही जीत सकीं जबकि सेना के अनुभवी निशानेबाज रविंदर सिंह ने शनिवार को आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप (पिस्टल और राइफल) के पहले दिन 50 मीटर फ्री पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत स्वर्ण जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। इलावेनिल (26 साल) फाइनल में बढ़त बनाने के बाद पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए अच्छी स्थिति में थीं लेकिन 19वें शॉट में 10.0 अंक से वह तीसरे स्थान पर खिसक गईं और यहीं से उनकी लय टूट गई। इसके बाद वह 22वें शॉट में 9.9 अंक ही बना सकी और 232 के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहीं। दक्षिण कोरिया की बान ह्योजिन ने 255.0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन की वांग जिफेई 254.0 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। इलावेनिल, मेघना सज्जनार और श्रेया अग्रवाल की भारतीय महिला टीम ने 1893.3 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता जबकि चीन (1901.7) और दक्षिण कोरिया (1899.9) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। जम्मू-कश्मीर के भारतीय सेना के नायक सूबेदार रविंदर के लिए यह सबसे बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले 29 वर्षीय रविंदर ने बाकू में 2023 विश्व चैंपियनशिप में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता था। रविंदर 2019 से भारतीय टीम में अंदर-बाहर होते रहे हैं। उन्होंने गैर-ओलंपिक स्पर्धा में 569 अंक हासिल कर शीर्ष पोडियम स्थान हासिल किया। इस तरह उन्होंने दक्षिण कोरिया के किम चेयोंगयोंग (556 अंक) और व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट एंटोन अरिस्तारखोव (556 अंक) को पीछे छोड़ दिया जिन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इस साल की शुरुआत में 10 मीटर एयर पिस्टल में राष्ट्रीय खेलों में रजत पदक जीतने वाले रविंदर ने 93 के कम स्कोर के साथ शुरुआत की लेकिन अगले पांच राउंड में 98, 94, 95, 93 और 96 अंक बनाकर 47 निशानेबाजों के बीच कुल 569 का स्कोर बनाया। रविंदर (569), कमलजीत (540) और योगेश कुमार (537) की भारतीय टीम ने 1646 के कुल स्कोर के साथ रजत पदक जीता।

## जुरेल ने भारत ए के लिए लगातार दूसरा शतक लगाकर टेस्ट एकादश के लिए मजबूत किया दावा




**बेंगलुरु :** विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने शनिवार को यहां चार दिवसीय मैच के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ दूसरी पारी में लगातार दूसरा शतक जड़कर भारतीय टेस्ट एकादश में अपनी जगह पक्की करने की तरफ कदम बढ़ाने के साथ भारत 'ए' की स्थिति मजबूत कर दी। जुरेल (नाबाद 127) ने छठे विकेट के लिए हर्ष दुबे (84) के साथ 184 रनों की साझेदारी की जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 382 रन बनाकर घोषित कर दी जिससे टीम की कुल बढ़त 416 रन की गयी। दक्षिण अफ्रीका ए ने स्टंप्स के समय बिना किसी नुकसान के 25 रन बना लिए थे। उसे जीत के लिए और 392 रनों की और जरूरत है। स्टंप्स के समय लेसेगो सेनोक्वेन (नौ) और जॉर्डन हरमन (15) क्रीज पर थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की पिछली टेस्ट श्रृंखला में नियमित विकेटकीपर ऋषभ पंत के चोटिल होने के कारण जुरेल ने टीम में इस भूमिका को निभाते हुए दूसरे टेस्ट में शतक जड़ा था। पंत के चोट से उबरने के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी के बावजूद इस बात की काफी संभावना है कि दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दो शतक जड़ने वाले जुरेल अंतिम एकादश में अपनी जगह बरकरार रखे। उन्होंने पहली पारी में नाबाद 132 रन बनाये थे। जुरेल ने पहली पारी की तरह दूसरी पारी में भी दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया।

## भारतीय रिकर्व तीरंदाजों की नजरें एशियाई चैंपियनशिप में पदकों का सूखा खत्म करने पर

**ढाका :** भारत के रिकर्व तीरंदाज रविवार से शुरू हो रही सत्र की अंतिम एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में पदकों के लंबे सूखे को खत्म करने की कोशिश करेंगे। यह महाद्वीपीय प्रतियोगिता अगले साल जापान में होने वाले एशियाई खेलों से पहले टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण होगी। भारत पिछले चरण में तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक के साथ कोरिया (6-2-3) के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। भारत के प्रदर्शन का श्रेय मुख्य रूप से कंपाउंड तीरंदाजों का रहा था। पुरुष रिकर्व दल एक भी पदक नहीं जीत पाया था जिससे उनकी चिंताजनक स्थिति जारी रही। रिकर्व दल इस साल विश्व चैंपियनशिप से खाली हाथ लौटा और इस साल चार विश्व कप चरण में केवल चार पदक - तीन कांस्य, एक रजत - ही हासिल कर सके। जिससे वे इस साल विश्व कप फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके। दक्षिण कोरिया इस बार दूसरे दर्जे की टीम उतार रही है, ऐसे में भारतीय रिकर्व टीमें इस निराशाजनक प्रदर्शन को खत्म करने के लिए बेताब होंगी। पुरुष रिकर्व टीम में भारत के पूर्व नंबर एक और दो बार के ओलंपियन अतनु दास की वापसी हुई है जो चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल करके शानदार फॉर्म में हैं। दास ने पिछली बार जून में अंताल्या विश्व कप में भाग लिया था। इससे पहले वह विश्व चैंपियनशिप में जगह बनाने से चूक गए थे।

### आईएसएल संकट: मोहन बागान ने फुटबॉल गतिविधियां रोकीं, ईबी ने बीसीसीआई से वित्तीय मदद की अपील की

**कोलकाता :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के वाणिज्यिक अधिकारों के लिए एक भी बोली नहीं मिलने के एक दिन बाद शनिवार को लीग के मौजूदा चैंपियन मोहन बागान सुपर जायंट ने फुटबॉल से जुड़ी अपनी सभी गतिविधियों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। मोहन बागान ने कहा कि वे अगले महीने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के अनुबंधों की समीक्षा करेंगे। इससे पहले एआईएफएफ ने शुक्रवार देर रात घोषणा की कि उसे पहले से ही विलंबित आईएसएल के वाणिज्यिक अधिकारों के लिए कोई बोली नहीं मिली है जिससे देश के घरेलू फुटबॉल का भविष्य अधर में लटक गया है। मोहन बागान के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, ''हमारे खिलाड़ी मंगलवार से शुरू होने वाले शिविर के लिए सोमवार को इकट्ठा होने वाले थे। लेकिन अब इंडियन सुपर लीग पर स्पष्टता आने तक हमारे शिविर को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है।''

## पीसीबी के साथ गतिरोध खत्म हो चुका है, एशिया कप ट्रॉफी को लेकर विकल्पों पर काम करेंगे: सैकिया



**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने दुबई में आईसीसी की बैठक के इतर पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी से मुलाकात के बाद पीटीआई को बताया कि भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट बोर्ड एशिया कप ट्रॉफी विवाद पर गतिरोध दूर करने में कामयाब रहे हैं और आने वाले दिनों में इसका कोई उचित समाधान निकालने की दिशा में काम किया जाएगा। नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने भारत को एशिया कप ट्रॉफी नहीं सौंपी क्योंकि विजेता भारतीय टीम ने उनके भारत विरोधी रवैए के कारण उनसे ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने 28 सितंबर को दुबई में हुए टी20 टूर्नामेंट के फाइनल में पाकिस्तान को हराया था। सैकिया ने शनिवार को पीटीआई से कहा, ''मैं आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की अनौपचारिक और औपचारिक दोनों बैठकों का हिस्सा था। पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) अध्यक्ष मोहसिन नकवी भी मौजूद थे। औपचारिक बैठक के दौरान यह एजेंडा में नहीं था, लेकिन आईसीसी ने अपने एक सीनियर पदाधिकारी और एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी की मौजूदगी में मेरी और पीसीबी प्रमुख के बीच अलग से बैठक कराई।'' उन्होंने कहा, ''बातचीत की प्रक्रिया शुरू करना वाकई अच्छा रहा। दोनों पक्षों ने आईसीसी बोर्ड बैठक के दौरान हुई बैठक में सौहार्दपूर्ण ढंग से भाग लिया।'' सैकिया ने आश्वासन दिया कि जल्द ही समाधान निकाल लिया जाएगा। बीसीसीआई सचिव ने हालांकि आईसीसी के किसी अधिकारी का नाम नहीं लिया, लेकिन विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि आईसीसी के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा और सीईओ संजोग गुप्ता ने दोनों क्रिकेट बोर्डों के बीच चर्चा शुरू करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ताई जु यिंग ने बैडमिंटन से संन्यास लिया, सिंधू ने दी मार्मिक विदाई



**नयी दिल्ली :** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और चीनी ताइपे की महिला बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी ताई जु यिंग ने खेल से संन्यास ले लिया है जिसके साथ उनके शानदार करियर का अंत हो गया है, जिसमें उन्होंने 17 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीते और 12 टूर्नामेंट में उपविजेता रहीं। अपनी कलात्मकता और कलाई के जादू के लिए मशहूर 31 वर्षीय शटलर ने कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें संन्यास का फैसला करना पड़ा। उन्होंने अपना आखिरी बीडब्ल्यूएफ खिताब 2024 में इंडिया ओपन में जीता था। ताई जु ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, ''एक खूबसूरत अध्याय समाप्त हो गया है। बैडमिंटन, आपने मुझे जो कुछ भी दिया है, उसके लिए आभार।'' उन्होंने कहा, ''आखिरकार मेरी चोटों ने मुझे कोर्ट छोड़ने पर मजबूर कर दिया। मैं अपने करियर का अंत उस तरह नहीं कर पाई जैसा मैंने सोचा था और मुझे यह बात स्वीकार करने में थोड़ा समय लगा।'' दक्षिणी ताइ-वान के शहर काऊशुंग में जन्मी ताई जु पिछले साल से चोटों से जूझ रही थी और अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर वापसी नहीं कर पाई। विश्व चैंपियनशिप दो बार की पदक विजेता ने कहा कि फिलहाल उनका ध्यान कुछ समय शांति के साथ बिताने पर है। उन्होंने लिखा, ''मैंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि मैं आगे क्या करूंगी, लेकिन फिलहाल मैं अलार्म घड़ियों के बिना जीवन का आनंद लेने जा रही हूं।'' भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने ताई जु को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर एक मार्मिक संदेश लिखा।

# व्यापार



## सिंगापुर, कनाडा की स्टार्टअप कंपनियां भारतीय बाजार में संभावनाएं तलाशने को उत्सुक

**नयी दिल्ली :** सिंगापुर और कनाडा की कई अंतरराष्ट्रीय स्टार्टअप कंपनियों ने भारत में अपने कारोबार का विस्तार करने में रुचि दिखाई है। स्टार्टअप कंपनियों ने हांगकांग साइंस एंड टेक्नोलॉजी पार्क्स कॉरपोरेशन (एचकेएसटीपी) द्वारा आयोजित वैश्विक पिच प्रतियोगिता ईपीआईसी 2025 के दौरान 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में भारत में अपने कदम बढ़ाने की इच्छा जताई। पिच प्रतियोगिता एक ऐसी प्रतियोगिता है जहां उद्यमी अपने व्यावसायिक विचारों को निर्णायकों और निवेशकों के सामने प्रस्तुत करते हैं। प्रतियोगिता के दौरान 70 से अधिक देशों से आए 1,200 स्टार्टअप में से 100 को तीन श्रेणियों डिजिटल स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, वित्त प्रौद्योगिकी और हरित प्रौद्योगिकी में चुना गया। इनमें भारत के दो स्टार्टअप भी शामिल हैं। यह वार्षिक कार्यक्रम संस्थापकों को वैश्विक निवेशकों, कॉरपोरेट सहयोगियों और उभरते बाजारों से जोड़ने का अवसर देता है। एचकेएसटीपी के चेयरमैन सनी चाई ने कहा, ''हम हांगकांग की कनेक्टिविटी को गति प्रदान कर रहे हैं, जिससे विचारों को सीमाओं के पार ले जाने और विस्तार करने में मदद मिल रही है।'' सिंगापुर की कंपनी एनईयू बैटरी मैटेरियल्स के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ब्रायन ओह ने कहा, ''हमारी प्राथमिकता सिंगापुर से परे अपने व्यवसाय को बढ़ाना है, क्योंकि बैटरी पुनर्चक्रण केवल सिंगापुर या हांगकांग की समस्या नहीं है, यह एक वैश्विक समस्या है। हम अपनी प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके इसका समाधान करना चाहते हैं।'' भारत के लिए योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि भारत स्टार्टअप के लिए अनुकूल वातावरण वाला एक बड़ा बाजार है, तथा बैटरी पुनर्चक्रण में शामिल कुछ स्टार्टअप वहां अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

## डॉलर में तेजी के कारण सोने की कीमतों में तीसरे सप्ताह गिरावट

**नयी दिल्ली :** विश्लेषकों का कहना है कि मजबूत अमेरिकी डॉलर और फेडरल रिज़र्व अधिकारियों की सतर्क टिप्पणियों से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है, जिसके परिणामस्वरूप सोने की कीमतों में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि डॉलर में लगातार मजबूती और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की 'प्रतीक्षा और निगरानी' की नीति के कारण सुरक्षित निवेश माने जाने वाले इस परिसंपत्ति वर्ग की मांग कमजोर पड़ी है। इसके चलते छुट्टियों के कारण छोटे कारोबारी सप्ताह में सर्राफा की कीमतें सीमित दायरे में रहीं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दिसंबर आपूर्ति वाले सोने का वायदा मूल्य पिछले सप्ताह 165 रुपये यानी 0.14 प्रतिशत गिरकर शुक्रवार को 1,21,067 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एलजीटी वेल्थ इंडिया के फिक्स्ड इनकम एसेट्स के मुख्य निवेश अधिकारी (सीआईओ) चिराग दोशी ने कहा, ''सप्ताहभर सोने का कारोबार सीमित दायरे में रहा। हालांकि सप्ताह के मध्य में आई गिरावट के बाद सौदेबाजी आधारित खरीदारी देखने को मिली, लेकिन अक्टूबर में दिखाई देने वाली मजबूत रफ्तार अब धीमी पड़ गई है।'' उन्होंने कहा, ''बाजार फिलहाल ठहराव और मूल्यांकन के दौर में प्रतीत होता है, जहां निवेशक बड़ी पोज़िशन लेने से पहले अमेरिकी डॉलर और ट्रेजरी यील्ड से स्पष्ट संकेतों का इंतजार कर रहे हैं।''

### भारत, ऑस्ट्रेलिया ने व्यापार वार्ता की प्रगति पर चर्चा की

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष डॉन फैरेल के साथ दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते के लिए दूसरे चरण की वार्ता की समीक्षा की। एक अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया, दोनों पक्षों ने एक संतुलित और परस्पर लाभकारी व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) को शीघ्र अंतिम रूप देने के लिए रचनात्मक रूप से काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (ईसीटीए) का पहला चरण दिसंबर 2022 में लागू हुआ था। इसी बीच वाणिज्य मंत्रालय ने एक अलग बयान में शनिवार को कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते से व्यापार प्रवाह बढ़ने, निवेश संबंध मजबूत होने और आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन मजबूत होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के व्यवसायों के लिए अधिक स्थिरता और बेहतर बाजार पहुंच भी प्रदान कर सकता है। भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के चौथे दौर की वार्ता सात नवंबर को ऑकलैंड और रोटोरुआ में संपन्न हुई।

## केंद्र ने गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के नए नियम जारी किए, मछुआरों के लिए क्या हैं फायदे

**नयी दिल्ली :** भारत के विशाल समुद्री संसाधनों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने के लिए केंद्र सरकार ने देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र में गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए नए नियम अधिसूचित किए हैं। इन नियमों का मुख्य उद्देश्य मछुआरों, सहकारी समितियों और छोटे मछुआरों को सशक्त बनाना है और विदेशी जहाजों को भारतीय जल में मछली पकड़ने से रोकना है। ये नियम चार नवंबर को अधिसूचित किए गए। ये नियम बजट 2025-26 की घोषणा के अनुरूप हैं और इनसे भारत के समुद्री मत्स्य पालन क्षेत्र में नए अवसर खुलने की उम्मीद है। नए नियमों में तकनीकी रूप से उन्नत जहाजों के जरिए गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए मछुआरा सहकारी समितियों और मछली किसान उत्पादक संगठनों (एफएफपीओ) को प्राथमिकता दी गई है। आवेदन प्रक्रिया सरल और समयबद्ध है, जिससे नाव मालिक आसानी से आवेदन कर सकते हैं और स्थिति ऑनलाइन देख सकते हैं। देश में लगभग 2.38 लाख मछली पकड़ने वाली नावें पोर्टल पर पंजीकृत हैं। यह पोर्टल समुद्री उत्पाद निर्यात प्राधिकरण और निर्यात निरीक्षण परिषद से जुड़ा है, जिससे मछली पकड़ने और स्वास्थ्य प्रमाणपत्र आसानी से मिलेंगे।

### सेबी ने लोगों को डिजिटल गोल्ड उत्पादों में निवेश के खिलाफ चेतावनी दी

**नयी दिल्ली :** बाजार नियामक सेबी ने शनिवार को निवेशकों को डिजिटल या ई-गोल्ड उत्पादों में निवेश को लेकर आगाह किया है। सेबी ने कहा कि ऐसे उपकरण उसके नियामकीय ढांचे से बाहर हैं और इनमें निवेश से जुड़ा जोखिम अधिक है। यह चेतावनी तब आई है जब सेबी ने पाया कि कुछ ऑनलाइन मंच भौतिक सोने में निवेश के आसान विकल्प के रूप में 'डिजिटल गोल्ड' या 'ई-गोल्ड' उत्पादों का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। सेबी ने एक बयान में कहा, ''इस बारे में सूचित किया जाता है कि ऐसे डिजिटल गोल्ड उत्पाद सेबी-विनियमित गोल्ड उत्पादों से भिन्न हैं, क्योंकि इन्हें न तो प्रतिभूति के रूप में अधिसूचित किया गया है और न ही कमोडिटी डेरिवेटिव के रूप में विनियमित किया गया है। ये पूरी तरह से सेबी के नियामकीय दायरे से बाहर हैं।'' सेबी ने आगे स्पष्ट किया कि विनियमित प्रतिभूतियों पर लागू निवेशक संरक्षण तंत्र ऐसी अनियमित डिजिटल गोल्ड योजनाओं पर लागू नहीं होगा।

### पैनासोनिक इंडिया के चैयरमैन मनीष शर्मा ने इस्तीफा दिया

**नयी दिल्ली :** पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया के चेयरमैन मनीष शर्मा ने एक दशक से अधिक समय तक उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद विनिर्माता कंपनी का नेतृत्व करने के बाद कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। शर्मा को 2012 में पैनासोनिक इंडिया के एमडी और सीईओ के रूप में पदोन्नत किया गया था और वह तब से कंपनी का नेतृत्व कर रहे हैं। वह इस साल के अंत तक अपने पद पर बने रहेंगे। शर्मा ने इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कहा, यह एक निजी और सोच-समझकर किया गया फैसला है, और मैं देश के विनिर्माण क्षेत्र को आगे बढ़ाने में योगदान देता रहूंगा। उन्होंने कहा कि वह अपना 'नोटिस पीरियड' पूरा करने के बाद जनवरी 2026 में अपने अगले कदम की घोषणा करेंगे। पैनासोनिक ने भी एक बयान में इस घटनाक्रम की पुष्टि की और कहा कि शर्मा ने भारत में पैनासोनिक की व्यावसायिक रणनीति, वृद्धि पथ को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### जेएसडब्ल्यू सीमेंट का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 75.36 करोड़ रुपये रहा

**नयी दिल्ली :** विविध क्षेत्रों में कार्यरत जेएसडब्ल्यू समूह की इकाई जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 75.36 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। जेएसडब्ल्यू सीमेंट को वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई सितंबर तिमाही में 75.82 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 1,436.43 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,223.71 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी का कुल व्यय 1,348.72 करोड़ रुपये रहा। जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने अलग दी एक सूचना में बताया कि उसके निदेशक मंडल ने शुक्रवार को हुई एक बैठक में एक कैप्टिव संयंत्र से सौर ऊर्जा की खरीद के लिए जेएसडब्ल्यू ग्रीन एनर्जी फिफ्टीन लिमिटेड के साथ एक बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दे दी।

वर्ष 10, पूर्णांक 3407 अंक 217, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in